रांची, मंगलवार
07.05.2024
वर्ष : 9, अंक : 155 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988





## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी अब 11 मई को आएंगे झारखंड

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे लेकिन अब वे 11 मई को ही आएंगे। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### कोडरमा में 15 और गाण्डेय में 11 प्रत्याशी चुनाव समर में

गिरिडीह। कोडरमा संसदीय सीट पर 20 मई को होने वाले चुनाव में नाम वापसी कीअंतिम तिथि सोमवार को समाप्त होने के बाद कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे है। इसमें भाजपा से अन्नपूर्णा देवी , भाकपा माले से विनोद कुमार सिंह , बसपा से कैदार रविदास व अन्य शामिल है। इसी प्रकार 20 मई को ही गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव में हैं। इनमें झामुमो की कल्पना मुर्मू सोरेन , भाजपा के दिलीप वर्मा सहित अन्य है। यह जानकारी सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा एव गाण्डेय विस के निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी ने आयोजित प्रेस वार्ता में दी । उपाउक्त ने कहा कि दोनों सीटों पर 20 मई को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान के लिए सभी तैयरिया की जा रही है।

### तेजस्वी यादव पलामू में आठ मई को करेंगे चुनावी सभा



रांची। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में भवनाथपुर और छतरपुर सहित कई अन्य चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। यह जानकारी राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने सोमवार को दी।

# मंत्री आलमगीर आलम के पीएस, सहायक जहांगीर व बिल्डर के ठिकानों से मिले 35.23 करोड़

बिभा संवाददाता



रांची : प्रवर्तन निदेशालय(इडी) की टीम ने सोमवार सुबह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से भारी मात्रा में नगदी जब्त की है. ये नगद रुपये कूट के डब्बों, पॉलिथीन और कपड़े की थैलियों में भर कर रखे हुए थे. अब तक यहां 30 करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है और नोटों की गिनती जारी है. इसके साथ ही इडी ने संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से तीन करोड़ रुपये नकद जब्त किये हैं. दो साल पहले ठीक इसी दिन छह मई 2022 को इडी ने मनरेगा घोटाले में सीए सुमन कुमार के ठिकानों से 17.79 करोड़ रुपये नगद जब्त किये थे.

छापेमारी में बरामद रुपयों का संबंध आप्त सचिव संजीव लाल से है. साथ ही इसमें मंत्री आलमगीर भी संदेह के दायरे में हैं. छापेमारी में जब्त रुपये योजनाओं को लागू करने के दौरान कमीशन के रूप में वसूले गये हैं. इडी द्वारा वर्ष 2023 में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता बीरेंद्र राम को गिरफ्तार किये जाने के बावजूद विभाग में कमीशनखोरी जारी रही. इधर, इडी के अपर निदेशक कपिल राज सोमवार दोपहर में रांची पहुंचे. वे जहांगीर के घर गये, जहां बरामद नोटों की गिनती हो रही है. इसके अलावा वे छापामारी में शामिल किये गये अन्य ठिकानों का भी जायजा ले रहे हैं.

इडी ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता बीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद विभाग में जारी भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की जांच जारी रखी. करीब एक साल तक विभिन्न बिंदुओं पर जांच के बाद इडी की टीम ने सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे संजीव लाल और उससे संबंधित पांच लोगों के ठिकानों पर छापा मारा. छापेमारी के दायरे में शामिल किये गये लोगों में संजीव लाल के अलावा उसके नौकर जहांगीर, इंजीनियर कुलदीप मिंज, इंजीनियर विकास कुमार और बिल्डर मुन्ना सिंह का नाम शामिल है. सबसे ज्यादा नगदी संजीव लाल के नौकर के घर से मिली है. वह हरमू के सर सैयद रेसिडेंसी के ब्लॉक-बी के फ्लैट नंबर-1ए में रहता है. इडी ने उसके घर से मिले नोटों की गिनती के लिए बैंकों से मशीन मंगायी और बैंक अधिकारियों की मदद ली. समाचार लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी है और इसे रात तक जारी रहने की संभावना जतायी जा रही है. नौकर के ठिकानों से मिली नगदी के 30 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है.

सर सैयद रेसिडेंसी का यह फ्लैट जहांगीर के ही नाम पर है. इडी इसे संजीव लाल की बेनामी संपत्ति मान रही है. जहांगीर के ठिकाने से सरकारी दस्तावेज भी मिले हैं. इन्हीं सरकारी दस्तावेज के आलोक में इस मामले में मंत्री की भूमिका संदेहास्पद मानी जा रही है. संजीव लाल पिछले 10-12 वर्षों से किसी न किसी मंत्री के आप्त सचिव के रूप में काम करता रहा है. छापेमारी के दौरान संजीव लाल से हुई पूछताछ में बिल्डर मुन्ना सिंह के घर पर पैसा होने की जानकारी मिली. इसके बाद इडी ने मुन्ना सिंह को बुला कर उसके फ्लैट की तलाशी ली और नगद राशि जब्त की. बिल्डर के घर से मिली राशि भी मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल की बतायी जा रही है. छापेमारी के दायरे में शामिल इंजीनियरों के ठिकानों से टेंडर निबटारे से संबंधित दस्तावेज मिले हैं. विकास कुमार फिलहाल गुमला में ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापित है.

उल्लेखनीय है कि इडी ने वर्ष 2023 में इंजीनियर बीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापा मारा था. उसके ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान विभाग में जारी कमीशनखोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे. जांच के दौरान विकास योजनाओं में कमीशन लिये जाने से संबंधित सबूत मिले थे. जांच में यह भी पाया गया था कि बीरेंद्र राम के एक महीने का घरेलू खर्च उसके एक साल के वेतन से अधिक था. बीरेंद्र राम का बेटा 300-400 रुपये प्रति लीटर कीमत का मिनरल वाटर पीता था और महंगे कपड़े एक बार पहन कर फेंक देता था.

# केन्द्र सरकार ने देश की जनता को ठगने का किया है काम: मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता



बोकारो : सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो ने नामांकन दाखिल किया। जिसके बाद सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित जन सभा को संबोध्ति करते हुए झारखण प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने देश की जनता को ठगने का काम किया है। वे झुठे वादे कर लोगों को गुमराह कर रही है। लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजना गठबंधन को भगाना होगा। इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की झारखण्ड में 14 सीटो पर जीत होगी। वही झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार सभी जाति,धर्म, समुदाय के लोगों को लड़ा कर सत्ता पाना चाहती है। जाति और धर्म के नाम पर वोट मांग रही है। कहा कि प्रधानमंत्री ने बड़े-बड़े वादे किये थे, बेरोजगारों को रोजगार व देश की जनता के खाते में 15-15 लाख रूपया देने का वादा किया था। झुठ बोलने वालों के खिलाफ आवाज उठाना होगा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि दस वर्षो में न गांव का विकास हुआ और न क्षेत्र का विकरस हुआ। सिर्फ 400 पास का नारा मिला। इसी तरह विधान सभा में भी 65 पार का नारा दिया गया था। इसबार महागठबंधन की लहर चल रही है। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार की योजना धरातल पर नहीं दिख रहा है। इस सरकार में युवाओं को रोजगार के न वसर मिले और गांवों में कुआ, चूआ, स्कूल नहीं बने। एनडीए विकास की बात नहीं करती है। बेबी देवी ने कहा कि केन्द्र सरकार हर मोरचे में विफल है। इस सरकार में बेरोजगारी, मंहगाई बढ़ी है। मंडू विधायक सह हजारीबाग के लोक सभा प्रत्याशी जयप्रकाश पटेल ने कहा कि अभी देश और लोकतंत्र को बचाने का समय है। लोकसभा दो चरणों के हुए चुनाव चुनाव में भाजपा का हालात खास्ता है। मथुरा महतो ने कहा कि देश के हालात काफी खराब है, सभी कल कारखाना बंद हो रहा है। मजदूर पलायन कर रहा है। जनता ने देश के विकास के लिए पांच नहीं दस साल दिया। फिर भी विकास नहीं हुआ। बेरमो विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि क्षेत्र की विकास के बजाय सांसद मद का पैसा को पीएम मद में ?दे दिया गया। ऐसा सगा नहीं जिसे मौसा और भतिजा ने ठगा नहीं। आपने आप को कुर्मी का नेता मानते है और उसी को ठगते है। सुदेश महतो और सीपी चौधरी जनता हित में नहीं अपने लिए काम करती है। इन दोनों ने हमेशा झारखांड को बेचने का काम किया है। पूर्व विधायक जलेशव महतो ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है।साजिस के तहत झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया है। उन्होने कहा कि बीजेपी में शामिल होने वाले गंगा नहा लेते है। इसके अलावे योगेन्द्र महतो, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता, बुधनारायण यादव, बीके चौधरी आदि ने भी संबोध्ति किया। कार्यक्रम का संचालन जयनारायण महतो व धन्यवाद ज्ञाप झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने किया।

# चाचा के श्राद्ध में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

बिभा संवाददाता



रामगढ़। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में कोर्ट की इजाजत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से निकलकर सोमवार को सीधे अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछा और उससे ज्यादा उनके परिजनों ने उनका हाल पूछा। कुशल छेम का दौर काफी लंबा चला। परिवार के सदस्यों और ग्रामीण भाई बंधुओं के साथ मिलकर उन्होंने दुख इस घड़ी में सभी को सांत्वना दी । इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता और पार्टी के कई दिग्गज नेता भी वहां पहुंचे। उन लोगों ने राजा राम सोरेन को श्रद्धांजलि दी। साथ ही हेमंत सोरेन का हाल-चाल भी पूछा। पार्टी नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन स्वस्थ हैं, यह जानकर उन्हें काफी खुशी हुई है।

हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी काफी सख्त रखी गई थी। जितने लोग कार्यक्रम में शामिल होने आए उन सभी लोगों की तलाशी ली गई। चप्पे चप्पे पर पुलिस मौजूद थी।

हेमंत सोरेन के चेहरे पर दाढ़ी बढ़ी हुई थी। हेमंत अपने पिता शिबू सोरेन से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद ग्रामीणों के साथ तलाब के किनारे बने घाट पर बैठ कर अपनी मातृभाषा में बात की।

# लोकसभा की 93 सीट के लिए तीसरे चरण का मतदान आज

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मंगलवार को होने वाले मतदान के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। तीसरे चरण के चुनाव में लगभग 120 महिलाओं सहित 1,351 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, सांसद डिंपल यादव और सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों के चुनावी भविष्य का फैसला होगा।

लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। छब्बीस अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे, 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जायेगी। तीसरे चरण के लिये सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है। तीसरे चरण में 12 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 93 लोकसभा सीटों के लिये वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार,छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं।

जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें असम की चार सीटों धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गुवाहाटी, बिहार की पांच सीटों: झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया, छत्तीसगढ़ की सात सीटों: सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की दो सीटों, गोवा की दो सीटों: उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा, गुजरात की 25 सीटों: कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड, कर्नाटक की 14 सीटों : चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा, मध्य प्रदेश की नौ सीटों: मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, बैतूल महाराष्ट्र 10 सीटों: बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले उत्तर प्रदेश की 11 सीटों : संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फि रोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला, बरेली, पश्चिम बंगाल की चार सीटों: मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से और उद्योगपति पल्लवी डेम्पो भाजपा के टिकट पर दक्षिण गोवा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल असम के धुबरी से चुनाव लड़ रहे हैं।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में भाजपा के बड़े चेहरों में एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह, मैनपुरी से पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, बरेली से पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार, हाथरस से राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि और आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। मैनपुरी से डपल यादव, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव और फिरोजाबाद से प्रोफेसर राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण के मतदान हो चुके हैं, अब कल तीसरे चरण का मतदान होना है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम चला रहा है। अगर इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिये किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या संदेश अपलोड किया या उसे फारवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी लगायेगी। इसके लिये साइबर सेल की मदद ली जायेगी। इस बार भी मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा।

# छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना जरूरी: मुर्मु

एजेंसी



नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी और कौशल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अब इसकी गति बहुत तेज है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल भी बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी के शुरू में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा , ह्ल कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे, इसलिए हमें लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। युवाओं को इस तरह से ढाला जाना चाहिए कि वे तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बैठा सके। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।ह्व

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाए और उनके चरित्र तथा व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संबंध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। श्रीमती मुर्मु ने कहा , ह्ल हमारा ध्यान ह्यक्या सीखेंह्ल के साथ-साथ ह्यकैसे सीखेंह्ल पर भी होना चाहिएह्व उन्होंने कहा कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है। ऐसे में वे शिक्षा को सिर्फ आजीविका का पर्याय नहीं मानते. बल्कि, वे नवप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं और जिज्ञासा के साथ सीखते हैं।

राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों की क्षमता होती है इसलिए छात्रों को कभी बुराई को अपने उपर हावी नहीं होने देना चाहिए चाहे वे कितनी भी कठिन परिस्थिति में क्यों न हों। उन्होंने छात्रों से करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को आदर्श बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर वे सफल और सार्थक जीवन जी सकते हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि युवाओं में विकास की अपार संभावनाएं हैं। वे विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। अतः उन्हें स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर देना चाहिए। यह न केवल उनका मानवीय, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है बल्कि एक

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के नगड़ा, उचरी, कनभीठा, गोरे, टोटामबी, सुरसा, हातमा, करगे, हेसमी, कठचाचो आदि गांव में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खददी उरांव, दिनेश गुप्ता, जनार्दन साहू, हेमंत कुमार, बबलू गोप, अब्दुल रहमान, शनिचरवा उराँव, राजनाथ सिंह, मुकेश गोप, सुनिल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस के पक्ष में प्रचार प्रसार



**मांडर।** इंडिया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में समर्थन के लिए विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ सोमवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। प्रखंड के बांसजाड़ी समेत अन्य गांव का भ्रमण कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार किए। साथ में पंचायत अध्यक्ष छोटन उरांव, नेजाम अंसारी, अनुप राम, नईम अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### यशस्विनी सहाय के नामांकण कार्यक्रम में खलारी से झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल



**खलारी:** झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान सोमवार को अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ इंडिआ गठबंधन की राँची लोक सभा उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के नामांकण कार्यक्रम में राँची मोराबादी मैदान सभा में सम्मिलित हुए।जिसमें पूर्व राँची जिला उपाध्यक्ष नन्दू मेहता,राँची जिला सोशल मिडिया सदस्य विशाल पासवान,प्रखंड सचिव महेन्द्र चौहान,उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति,राजेश गोप,दिनेश्वर सिंह राजेश प्रसाद,कलाम रिजवी,संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह,राजकुमार गंझू,युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश यादव,संगठन सचिव सुधीर चौहान,शम्भू दास,रंजित रजक,विक्की मुंडा,सोनू राम,सुनिल यादव,ईस्लाम अंसारी, शिवनाथ मुंडा,सोनी देवी,सिमा देवी, पुजा देवी,चुलबुली कुमारी,बेबी देवी,मिना देवी,सोमरी देवी,रेणू देवी,ललिता देवी,मगन देवी,पूनम देवी,मुटरी देवी,झुनुवा देवी,सुखमनी देवी,नुनी देवी,पार्वति देवी,निमा देवी,सिमा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोयला लोड ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर, हाइवा चालक की मौके पर मौत



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चीनाटाँड़ मायापुर पुल के पास सोमवार को कोयला लदा ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर हुई।जिसमें हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।जिसे रिम्स रेफर किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार घटना लगभग दोपहर 2 बजे की बतायी जाती है।
मैक्लुस्कीगंज पतरातू मुख्यपथ के मायापुर पुल के पास कोयला लदा ट्रक व हाइवा में टक्कर हो गया।मैक्लुस्कीगंज पुलिस के द्वारा जेसीबी के मदद से चालक मुनेल उराँव का शव को निकाला गया।वही चालक मुकेश यादव को एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेजा गया।ट्रक कोयला लेकर तेतरिया खाड़ कोलयरी से मैक्लुस्कीगंज पतरातू पथ होते खलारी सीमेंट फैक्टरी में कोयला गिराने जा रहा था।इस दौरान पतरातू साइडिंग से कोयला गिराकर मगध कोलयरी जाने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा मायापुर पुल के पास दोनो में भिड़ंत हो गया।जिससे हाइवा चालक मुनेल उराँव 20 वर्ष पिता जुगल उराँव संती खुटेर थाना बालूमाथ निवासी का मौत हो गई।वही ट्रक चालक मुकेश यादव (30 वर्ष) बरछिया बरहेट बारियातु निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### भगवान परशुराम जयंती मनाने को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा की हुई एक महत्पूर्ण बैठक



**खलारी।** केडी बाजार में सोमवार को सर्व ब्राह्मण महासभा की एक बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक बीएन पांडेय और संचालन रतन मिश्रा ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से 10 मई को डकरा दुर्गा मंडप परिसर स्थित विवाह मंडप में आयोजित भगवान परशुराम जयंती को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें भगवान परशुराम जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार की गई।बैठक के दौरान सभी लोगों को अलग-अलग कार्य की जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी,सचिव दिनेश पांडेय, कोषाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय,उप कोषाध्यक्ष पंकज मिश्रा, रमेश शर्मा,गिरधर तिवारी,शशि पांडेय,एचके दुबे,नव कुमार बनर्जी,सोनू कुमार पांडेय,विकास कुमार दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ अनुमण्डल से कुल 354 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब एवं 92 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद

प्रकाश पटवारी



रामगढ़ः अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के द्वारा रामगढ़ जिले में लगातार चलाये जा छापामारी अभियान के दौरान 05मई को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ अनुमण्डल क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री चोरी छुपे की जा रहीं है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा रामगढ़ अनुमण्डल अंतर्गत सभी थाना/ओ०पी० क्षेत्र में सतत रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान रामगढ़ थाना अंतर्गत अरगड्डा नीचे धौड़ा स्थित राजेश सागर के घर से 10 पीस अंग्रेजी शराब एवं 85 लीटर अवैध महुआ शराब व गोबरदाहा चौक स्थित आर्यन लाईन होटल से भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गये अंग्रेजी शराब 41 बोतल, रजरप्पा थाना निवासी राजू महतो के घर स्थित दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब 37 बोतल, कुज्जू ओ०पी० ग्राम बरमसिया निवासी बिरेन्द्र कुमार महतो के पान दुकान एवं ग्राम दिगबार के कृष्णा कुमार के होटल से भारी मात्र में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखे गये अंग्रेजी शराब कुल 147 बोतल, वे०बो० ओ०पी० ग्राम केदला 15 नं० स्थित बिनोद प्रसाद केशरी के दुकान से 68 बोतल अंग्रेजी शराब एवं सूरज गुप्ता, पे० दयानंद सा० केदला 15 नं० के घर से 51 बोतल अंग्रेजी शराब, बरलंगा स्थित हारूबेड़ा मोहरलाल बेदिया के होटल से 04 लीटर देशी महुआ शराब व सिल्ली मोड़ स्थित मो० रूसनी देवी के होटल से 03 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखने के आरोप में अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध संबधित थाना/ओ०पी० में प्राथमिकी दर्ज किया गया एवं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ अनुमण्डल से कुल 354 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब एवं 92 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया गया।
इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ पुलिस उपाधीक्षक (प्रो०) फौजान अहमद, पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा माण्डू अंचल, पु०नि० सह थाना प्रभारी रामगढ़,अजय कुमार साहू, पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी बरलंगा अन्नत कुमार सिंह, पु०अ०नि० दिगम्बर पाण्डेय, ओ०पी० प्रभारी कुज्जू,पु०अ०नि० सदानन्द कुमार, ओ०पी० प्रभारी वे०बो०, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल रामगढ़ अनुमण्डल के शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध पतरातु पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बिभा संवाददाता



रामगढ़ः अगामी निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार के द्वारा रामगढ़ जिले में लगातार चलाये जा छापामारी अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातू अनुमण्डल में अवैध रूप से शराब की बिक्री चोरी छुपे की जा रहीं है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा पतरातू अनुमण्डल अंतर्गत सभी थाना/ओ०पी० क्षेत्र में सतत रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान पतरातू थाना निवासी विक्रान्त कुमार, पिता स्व० किशोर चौरसिया, ग्राम- कोतो, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ के घर से भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गये अंग्रेजी शराब 228 बोतल ' बासल थाना निवासी रमेश साव के दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब 47 बोतल ' भदानीनगर ओ०पी० निवासी जितेन्द्र प्रसाद कुश्वाहा, पिता-स्व० रामटहल महतो, सा० चिकोर थाना-पतरातू (भदानीनगर), जिला-रामगढ़ के घर से अवैध देशी महुआ शराब 20 लीटर बरामद किया गया एवं 01 क्विंटल जावा महुआ बरामद हुआ जिसे यथा विनष्ट किया गया' भुरकुण्डा ओ०पी० निवासी नकुल साव के घर से 105 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया एवं 180 किलो जावा महुआ बरामद किया गया जिसे यथा विनष्ट घटनास्थल पर किया गया' बरकाकाना निवासी देवानंद बेदिया, पिता रामेश्वर बेदिया के दूकान एवं मकान से भारी मात्र में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखे गये अंग्रेजी शराब कुल 143 बोतल बरामद किया गया। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखने के आरोप में अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध संबधित थाना/ओ०पी० में प्राथमिकी दर्ज किया गया एवं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।
छापामारी दल में बिरेन्द्र राम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू,पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, पतरातू अंचल,पु०अ०नि० शिवलाल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी पतरातू, पु०अ०नि० कैलाश कुमार, थाना प्रभारी बासल,पु०अ०नि० अभिषेक कुमार, ओ०पी०प्रभारी भुरकुण्डा पु०अ०नि० संजय कुमार रजक, ओ०पी० प्रभारी भदानीनगर पु०अ०नि० मो० अख्तर अली, ओ०पी० प्रभारी बरकाकाना पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## धड़ल्ले से हो रही है सरकारी भूमि की खरीद बिक्री, प्रतिबंध के बावजूद चालू है बालू का खेल

बिभा संवाददाता



**रामगढ़ः** प्रशासन के नाक के नीचे रामगढ़ जिले के सीएन कॉलेज रोड स्थित गैरमजूरवा जमीन की खरीद बिक्री धड़ल्ले से हों रही है साथ हीं बालू माफिया भी सरकारी जमीन पर हाइवा से रात्रि में बालू गिरवाकर स्टॉक करते है जिसकी कालाबाजारी दिन के उजाले में की जा रही है।
उक्त शिकायत मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्षा सिंधु झा ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर किया है।
उन्होंने अपने आवेदन में कहा मरार स्थित सीएन कॉलेज रोड पर उनका घर है जिसके आसपास सैकड़ों डिसमिल सरकारी भूमि जिसपर जमीन दलालों की नजर है। उन्होंने आधे से ज्यादा भूमि को अवैध तरीके से बेच भी दिया है जिसकी शिकायत उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को साल भर पहले भी किया था। शिकायत करने के बाद साल भर से शांत बैठे जमीन दलाल फिर सक्रिय हुए है साथ हीं अब उस क्षेत्र में बालू का अवैध स्टॉक प्वाइंट भी बनाया गया है जहां रोज रात्रि पहर में हाइवा के आने जाने से स्थानीय निवासियों सहित खुद मुझे भी तकलीफ होती है।
उन्होंने उपयुक्त से बालू माफिया और जमीन दलालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है जो न सिर्फ सरकारी राजस्व और संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहें हैं बल्कि जिनके कारण स्थानीय निवासियों को भी परेशानी हो रही है। छोटानागपुर कालेज के पास कि अनेकों जमीन पर अनेक लोगों द्वारा जबरदस्ती किए जाने कि शिकायतें अनुमंडल पदाधिकारी व कुजू थाना को भी दिया गया है, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शिकायत करता व अन्य को अपने कार्यालय में बुलाकर कार्यवाही हेतु कुजू थाना को लिखित दिया गया है जिसपर कोई कार्रवाई नहीं होने से इन उपद्रवियों का होंसला बुलंद रहता है।

### राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की समीक्षा



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कांग्रेस नेताओं के एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा की साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निदेर्शों से अवगत कराया।
श्री शांति ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में टाटा कॉलेज मैदान तथा गुमला जिले के बसिया प्रखंड के कोनवीर में राहुल गांधी की सभा प्रायोजित है। सभा के माध्यम से देश और राज्य के हर वह मुद्दे उठेंगे जो देश की जनता के लिए जरूरी है। देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर मे देश की जनता की एकजुटता जरूरी है, जिस तरह से जनता ने चुनाव के दो चरणों में इंडिया गठबंधन के प्रति अपना विश्वास जगाया है आगे भी यह दौर जारी रहेगा। चुनाव के आगे के चरणों में जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझने की जरूरत है भाजपा जनता के बीच आपसी मतभेद बनाकर चुनाव का रुख दूसरी ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रही है जिसके कारण बौखलाहट में भाजपा नेता रोज तरह-तरह के झूठे बयानों का सहारा ले रहे हैं। तैयारी की समीक्षा के लिए दल में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको,मानस सिन्हा, रविंद्र सिंह सतीश पॉल मुंजनी,मदन मोहन शर्मा, सुखेर भगत,चैतू उराँव भानु प्रताप बड़ाईक शामिल थे।

### इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने अहम भूमिका निभाएगा जेएमएम

**तमाड़।** खूंटी लोकसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को विजय सुनिश्चित करने को लेकर जेएमएम के कार्यकर्ता जनसंपर्क करते हुए गांवो में जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इस बिच तालाडीह, डाटमसाल टोला बाडुदा, मानकीडीह, बांकी भूरसुडीह, पातसायडीह आदि गांवो में बैठक करते हुये हाथ छाप में मतदान करने के लिये अपील किये। मौके पर मुन्ना महतो, मुखिया प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह मुंडा, नवकृष्ण पुराण, मानकी मुंडा, मनीराम मुंडा, लाल सिंह स्वांसी, बारना मुंडा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### जलेश्वर महादेव में आस्था की उमड़ी भीड़



बिभा संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के कोकरो नदी के राहे घाघ के एक जलाशय में लोगों को शिवलिंग के दर्शन हुऐ है। एक सप्ताह से लोगों की भीड़ जलेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन के लिए लगातार बड़ रही है। जलाशय के भीतर एक कमर पानी में शिवलिंग की उत्पत्ति हुई हैं। सबसे पहले मछुआरों को मछली पकड़ने के दौरान शिवलिंग के दर्शन हुए थे। धीरे-धीरे बात गांव तक फैल गई और लोग दर्शन पूजन के लिए आने लगे। लोगों ने बताया कि जल के भीतर चट्टानों के बीच में शिवलिंग के आकार का एक उभार निकल गया है।शिवलिंग निकलने की जानकारी पर लोगो की आस्था की भीड़ उमड़ रही है।

## संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थनः बंधन तिग्गा

बिभा संवाददाता



**मांडरः** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ऐतिहासिक जतरा खूंटा शक्ति स्थल के परिसर मुड़मा मांडर में महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें लोहरदगा लोकसभा के सभी प्रखंडों से लगभग 500 सामाजिक चिंतकों और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक अगुवागण भाग लिए महापंचायत कि अध्यक्षता राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-सरना धर्मगुरू श्री बंधन तिग्गा ने किया एवं संचालन सीताराम भगत ने कि।
बैठक में केन्द्र में पिछले 10 वर्षों से काबिज भारतीय जनता पार्टी, वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एनडीए गठबंधन और आरएसएस समर्थित सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई, विचारोंपरान्त यह पाया गया कि विगत 10 वर्षों से बीजेपी सरकार आदिवासियों के साथ शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित ही किया है। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया, भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय घटना हुई, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया गया, हसदेव जंगल को उजाड़ा, लद्दाख में पर्यावरण से छेड़छाड़ का प्रयास, आदिवासी को वनवासी बोलना, आदिवासियों के धार्मिक पहचान वाली मांग सरना धर्म कोड को खारिज किया गया, आदिवासी को हिंदू घोषित करना, सरना को सनातन से जोड़ना, राम मंदिर निर्माण को लेकर सरना स्थल की मिट्टी का दुरुपयोग किया गया, देश में नफरत फैलाना, बीजेपी व आरएसएस द्वारा आरक्षण खत्म करने का विचार, संविधान बदलने की बात करना, मनुस्मृति संविधान लागू करने की मंशा रखना, वर्ण व्यवस्था में उलझाए रखना, आदिवासियों को शुद्र की श्रेणी में रखना, भारत सरकार के जनगणना प्रपत्र में अन्य कॉलम को हटा देना, भारत सरकार के पदों में बहाली रोक देना, नौकरी देने में असफल रहना, आदिवासियों की धार्मिक सरना स्थलों, ससनदीरी जमीन को लैंड बैंक भूमि में डालकर समाप्त करने की साजिश करना, सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट बचाओ महारैली के क्रम में रघुवर दास की सरकार द्वारा खूंटी में गोली चलवाना, राम जन्मभूमि का शिलान्यास एवं उद्घाटन और संसद भवन का शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में देश की आदिवासी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को अलग रखना, लोकतंत्र को ताक में रखकर देश के अन्य धर्म के साथ भेदभाव करना, आदिवासियों के विशेषाधिकार को समाप्त करने के उद्देश्य से यूसीसी जैसे कानून लागू? करना, आदिवासियों की पांचवी एवं छठी अनुसूची का अनुपालन नहीं करना, वर्तमान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत 15 साल तक सांसद रहे, समीर उरांव 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। इन लोगों ने आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया। समीर उरांव जी का कहना है कि देश के बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक का मैं एक सच्चा सेवक हूँ। जबकि आदिवासी समाज को आदिवासी सेवक की जरूरत है। बीजेपी, विपक्ष मुक्त भारत की परिकल्पना रखती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है।
चमरा लिंडा 15 साल तक बिशनपुर के विधायक रहे। उन्होंने आदिवासियों को सिर्फ ठगने का ही काम किया। संविधान और देश बचाने के लिए पूरे देश के राजनीतिक पार्टियों ने इंडिया गठबंधन बनाया, इससे कमजोर करने के लिए चमरा लिंडा निर्दलीय खड़ा हो गए। 15 साल में विधानसभा में आवाज नहीं उठाये, लोकसभा में क्या करेंगे।
राहुल गांधी जी के बयान की भी समीक्षा की गई। उन्होंने आदिवासियों को भारत का मूल मालिक बताया, सरना धर्म कोड देने की बात कही, आदिवासी हित व संरक्षण के लिए भूमि अधिग्रहण कानून बनाने व वन अधिकार कानून बनाने, आदिवासियों को हिफाजत करने की बात कही है। आज की बैठक में वक्ताओं द्वारा रखे गए सभी विषयों पर समीक्षा की गई। अतः संविधान को बचाने, लोकतंत्र की रक्षा करने, आरक्षण को बचाने, आदिवासियों के संरक्षण हो, ऐसे विचारों को ध्यान में रखते हुए लोहरदगा लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री सुखदेव भगत जी (हाथ छाप) को समर्थन करने की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया।
बैठक में मुख्य रूप से निम्न लिखित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें- सुशील उरांव- केंद्रीय अध्यक्ष, आदिवासी छात्र संघ, एलएम उरांव- प्रवक्ता पाड़हा समिति भारत, संजीव भगत- जिला दीवान लोहरदगा, जगन्नाथ उरांव समाज चिंतक गुमला, जनार्दन टाना भगत अध्यक्ष टाना भगत कमेटी विशुनपुर, फौदा उरांव राजी बेल भारत, राणा प्रताप उरांव सेवानिवृत अधिकारी, दिनेश उरांव सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, भौआ उरांव दीवान 24 पाड़हा समिति बेड़ो, जुगेस उरांव अध्यक्ष बेड़ो जतरा समिति, रवि तिग्गा प्रदेश अध्यक्ष राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, महात्मा उरांव समाजसेवी बिशनपुर, बुद्धिमान उरांव समाजसेवी विशुनपुर, विजय उरांव समाजसेवी विशुनपुर, नंदलाल टाना भगत समाजसेवी विशुनपुर, चिंतामणि उरांव राष्ट्रीय सरना धर्म प्राचारिका गुमला, कैप्टन लोहरा उरांव कोटवार राजी पड़हा भारत सिसई, फौदा उरांव दीवान राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, जयराम उरांव समाजसेवी रायडीह, महेन्द्र उरांव प्रवक्ता राजी पड़हा गुमला, मेघु उरांव समाजसेवी सह सेवानिवृत रेलवे अधिकारी, प्रो जलेश्वर भगत रांची, प्रभाकर कुजूर समाजसेवी, नीरल आईंद कामडारा सहित अनेक समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस छोड़ने के बाद पुनः राम टहल चौधरी ने थामा कमल



**रांची** । कांग्रेस छोड़ने के बाद राम टहल चौधरी ने भाजपा में वापसी कर ली है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया। पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने 27 अप्रैल को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने रांची से टिकट नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की। बायोडाटा मांगा गया। इसके उपरांत झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है. मैं कोई झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आया हूं। इसलिए मैंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा था कि पिछले 5 सालों में बीजेपी का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी इंडिया गठबंधन में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी।

### देवेंद्र नाथ महतो ने जेल से अपना नामांकन शपथ पत्र सौंपा



**रांची** : राज्य की चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। रांची लोक सभा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो जी ने आज होटवार जेल से अपना नामांकन शपथ पत्र सोपा। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के द्वारा बीते शनिवार को रांची लोकसभा से नामांकन दर्ज करने की पूर्व पुलिस के द्वारा रांची समहारनालय से लालपुर थाना के केस कांड संख्या 251/21 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसका आज बेल फाइल किया गया एवं इसकी सुनवाई कल मंगलवार को होगी। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के अधिवक्ता शष्ठी रंजन महतो ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त महोदय के आदेश में जेल अथॉरिटी द्वारा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो का शपथ पत्र संलग्न करने के साथ ही लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन प्रक्रिया को विधिवत पूरा कर लिया गया है। साथ ही बताते चलें कि आज सोमवार को जयराम महतो जी को नगड़ी थाना केस कांड संख्या 48/24 के एंटी सेपेटरी नो कोएसीव बेल मिल गया है।

### पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार के बाद डीजीपी और निर्वाचन आयुक्त से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल



**रांची**: गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य और नक्षत्र टीवी के सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान सौरव शुक्ला न्यूज कवरेज कर रहे थे उस दौरान एसएसपी ने दुर्व्यवहार करते हुए उनकी माइक आईडी छीन ली थी। इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह और झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रविकुमार से मुलाकात कर और उनसे कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा की विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी द्वारा किया गया दुर्व्यवहार दुर्भाग्य जनक है, जिसकी प्रेस क्लब कड़ी निंदा करता है और झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी मांग करता है कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर गौर करते हुए डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, कलब के पूर्व सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और अमन मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन झारखंड इकाई का 24वां स्थापना दिवस केक काट कर मनाया



**राँची**। बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन झारखंड इकाई का 24वां स्थापना दिवस केक काटकर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर फेडरेशन के सिनियर वाइस प्रेसिडेंट और इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने 24वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी सदस्यों से एकत्रित, संगठित और मजबूत रहने का आवाहन किया। अल इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन झारखंड इकाई के राज्य सचिव और बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन झारखंड इकाई के कोषाध्यक्ष कॉमरेड प्रकाश उराँव ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैंक के स्टाफ सदस्यों से जुड़े हर मुद्दों को हमारी इकाई राष्ट्रीय स्तर पर उठाती है और लागू करवाने में सकारात्मक पहल करवाती है तथा आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव कॉमरेड मनीष नारायण, सहायक महासचिव श्री हरीश कुमार सिंह, कॉमरेड अजय कुजूर कार्यकारिणी सदस्य समेत बड़ी संख्या में जेडकोड और रातू शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं : के रवि कुमार

**गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में 11 उम्मीदवार आजमाएंगे भाग्य**

**नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए मैदान में बचे 54 प्रत्याशी**



बिभा संवाददाता

**रांची**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिले में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

### मुख्यमंत्री से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने जीत का लिया आशीर्वाद



**रांची** : मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से जीत का आशीर्वाद लेती रांची लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ।मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा झारखंड की बेटी है संसद में आवाज बनेगी यह हमारे लिए गर्व की बात ही होगी। युवा पीढ़ी का राजनीत में आना देश और प्रदेश के। लिए सुखद बात वर्तमान में केंद्र सरकार जिस प्रकार युवाओं को युवाओं को बरगला रही है अगर युवा नेतृत्व सांसद पहुंचता है तो युवा के साथ-साथ महिलाओं और हर वर्ग का आवाज बनने का काम करेगी

## यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है :मीर



बिभा संवाददाता

**रांची** : रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय ने रांची समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत मोरहाबादी मैदान में एक विशाल सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रदेश कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस नामांकन सभा में प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी, नेता कांग्रेस विधायक दल सह ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम , पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की एवं श्री शहजादा अनवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कुमार राजा ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश में अब तक 184 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है जिनमें जनता के रूझान के मुताबिक लगभग 125 सीटें इंडिया गठबंधन को प्राप्त होने जा रहा है। यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है और झारखंड में इस बार क्रांति होने जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को जबरदस्त खतरा है। हम इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से इसके खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।

आज की नामंकन सभा को मुख्य रूप से मंत्री आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर,विधायक श्री राजेश कच्छप,झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, सुरेश बैठा एवं बेलस तिर्की आदि नेताओं ने संबोधित किया।

इस सभा में मुख्य रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री रवींद्र सिंह, अध्यक्ष,गौ सेवा आयोग के राजीव रंजन प्रसाद,धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, डॉ तौसिफ, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपु, सुरेन्द्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, अमरेंद्र सिंह, आभा सिंहा, बबलू शुक्ला, अम्बुज कुमार,दिनेश साहु, शहीद अहमद, चंदन बैठा, हरिमोहन महतो, राजेन्द्र मुण्डा, विकास रजक, जॉय चक्रवर्ती, प्रिंस बट्ट, नीतु देवी, तारिक मुजीबी, मो शहाब, राजद के मनोहर यादव, कैलाश यादव, धर्मेंद्र महतो, सीपीआई के नदीम खान, आप पार्टी के संतोष कुमार सहित रांची लोकसभा के विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड ,पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर के नेता एवं कार्यकर्तागण

### जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले सावधान, रांची पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



बिहान भारत संवाददाता

**रांची**। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया है कि रांची में भू माफियाओं के अवैध कब्जे को रोकने के लिए रांची पुलिस ने 24*7 कार्य करने वाला एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जो कि इस प्रकार से है 9153886241। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस के सामने भूमि विवाद के मामले लगातार आते ही रहते हैं। भूमि विवाद मामले में कानूनी कार्यवाही करने से पहले दोनों पक्ष के कागजातों को देखना अत्यंत आवश्यक होता है। परन्तु कुछ मामलों में दलाल या जमीन माफिया किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है। उस समय तुरंत जमीन का कागजात दिखाना भी संभव नहीं होता है। ऐसे में अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने के लिए रांची पुलिस एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है। वह नंबर है 9153886241 जब कोई भू माफि या अवैध तरीके से कब्जा करना चाहे तो पीड़ित पुलिस को सहायता के लिए इस नंबर पर कॉल कर सकता है। जिसके बाद रांची पुलिस पीड़ित का सहयोग करेगी।

### रांची गौशाला न्यास के अध्यक्ष बने पुनीत पोद्दार

**रांची** : रांची गौशाला न्यास प्रांगण में सत्र 2023-26 की कार्यकारिणी पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष - श्री पुनीत पोद्दार उपाध्यक्ष - श्री रतन लाल जालान एवं श्री एस एन राजगढ़िया, मंत्री - श्री प्रदीप राजगढ़िया, उप मंत्री - श्री सुरेश जैन एवं श्री राजेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष - दीपक पोद्दार सहित 31 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम चयनित की गई उसके पश्चात अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने सभा के समक्ष स्वागत भाषण दिया एवं आने वाले 3 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा सभा के समक्ष रखी तथा ट्रस्टी चेयरमैन एवं उपाध्यक्ष श्री रतन जालान ने सभा के समक्ष सभी से आग्रह किया यह 3 साल हम सबको मिलकर कार्य करना है और गौशाला को नई ऊंचाईयों पर पहुंचना है। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने दिया।

### झारखंड सरकार तत्काल प्रभाव से आलमगीर आलम को मंत्री पद से बर्खास्त करे:सीपीआई

बिभा संवाददाता



**रांची** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड में चंपई सोरेन सरकार कांग्रेस समर्थित सरकार में कांग्रेस के मंत्री द्वारा झारखंड में भयंकर लुट मचाई हुई है।

आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के पास से करोड़ों करोड़ की बरामदगी ए जग जाहिर करता है कि किस तरह से झारखंड को गठबंधन की सरकार दोनों हाथों से लूटने में लगी है मुख्य मंत्री को आलमगीर आलम के विभाग की पूरी तरह से जांच करानी चाहिए और आलमगीर आलम को तत्काल प्रभाव से मंत्रिमंडल से बर्खास्त करे। आखिर ये पैसा कहां से आए कांग्रेस पार्टी जनता को जवाब दे। कही ये राशि लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए तो नही थे। मंत्री आलमगीर आलम के विभाग के एक इंजीनियर वीरेंद्र राम के घर पर भी ई डी को अकूत संपत्ति मिला था। यानी उनका विभाग पूरी तरह संलिप्त और विभागीय लूट के सरगना को संरक्षण आलमगीर आलम प्रदान कर रहे थे।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड सरकार से मांग करती है कि आलमगीर आलम को तत्काल प्रभाव से मंत्री पद से बर्खास्त करे।

## मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया हैशटैग अभियान आज

बिभा संवाददाता

**रांची** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करने का निर्देश रांची जिला स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा दिया गया है।

स्वीप के तहत विभिन्न स्टेकहोल्डर यथा विद्यालय के विद्यार्थियों, जिला आइकॉन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, मीडिया पर्सन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, मजदूर यूनियन, कॉरपोरेट्स, जेएसएलपीएस, एन यू एल एम, यू एल बी, बैग आदि के माध्यम से स्वीप के तहत गतिविधियों को संचालित करा कर उक्त गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो आदि को दिनांक 7.5.2024 को #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के साथ संध्या 6 से 8 के बीच सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, रांची को निर्देश दिया गया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, रांची द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी मतदान केंद्रों पर बैग की बैठक दिनांक 7-5-2024 को संध्या 5:00 बजे अपराह्न के पूर्व करते हुए फोटो एवं वीडियो संध्या 6:00 से 8:00 के बीच #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के साथ अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो, वीडियो, टेक्स्ट को अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेंडिंग करने का निर्देश दिया गया है।

## मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, मामले की सीबीआई जांच कराएं चम्पाई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता



**रांची**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हों या राज्य सरकार सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। सोरेन यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था। वह सारे पत्र नोटों के बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है लेकिन पिछले चार वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती एक दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी। झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपये नकदी मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।

मरांडी ने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी यदि छापेमारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपये मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इंडी गठबंधन के लोग पूरी तरह हताश और निराश हैं। वे पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहे हैं। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

### झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र की सरकार चल रही है : संजय सेठ

बिभा संवाददाता

**रांची** : सांसद संजय सेठ ने कहा आज जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के अप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्री के केस में जेल में है। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के अप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है।

श्री सेठ ने कहा झारखंड इकलौता राज्य है जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है 2 साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखा था आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली वही एक और नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा है जिन्होंने अभी तक 25 करोड लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अभिलंब गिरफ्तार किया जाए। झारखंड की जनता ने इनके चाल चरित्र और चेहरा को देख लिया है। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंह तोड़ जवाब देगी जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रॉटरी क्लब बोकारो ने केंद्रीय विद्यालय में मुफ्त नेत्र एवं दंत शिविर का किया आयोजन



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने सोमवार को सेक्टर 4 स्थित केन्द्रीय विद्यालय नंबर 1 में बोकारो के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर कुणाल के नेतृत्व में एक नेत्र चिकित्सा शिविर और डॉक्टर शिवम के नेतृत्व में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन एकसाथ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की विजन स्क्रीनिंग कर दृष्टि दोष पाए गए बच्चों को अग्रेतर समुचित जांच के साथ साथ मुफ्त में चश्में देना था। सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण करने के बाद उन्हें विस्तृत जांच हेतु रोटरी क्लब सचिव द्वारा डॉक्टर कुणाल किशोर के क्लीनिक और शहर के सुप्रसिद्ध चश्में की प्रतिष्ठान बेटर विजन में बुलाया गया। दंत परिक्षण के उपरान्त सुविख्यात दंत चिकित्सक डॉ शिवम ने दांतों का भी परिक्षण किया और दांतों को स्वस्थ रखने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। सभी बच्चों को सुबह और रात में भोजनोपरान्त ब्रश करने का निर्देश दिया गया। जिन बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई उनको डॉक्टर शिवम ने अपने सिटी सेंटर स्थित क्लिनिक में बुलाकर उनका मुफ़्त इलाज करने का भी आश्वासन दिया। इसी शिविर में रोटेरियन पी ए जकारिया के दामाद डॉक्टर अजीत थॉमस जो की त्रिवेंद्रम के किम्सहेल्थ अस्पताल के इंटरनल एंड एक्यूट मेडिसिंस विभाग में वरीय चिकित्सक हैं, ने सिनियर बच्चों को स्वास्थ्य इमरजेंसी में सी पी आर की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी और बताया कि विकट आकस्मिक परिस्थितियों मे इस क्रिया को जानने वाले किस प्रकार किसी की जान बचा सकते हैं। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम काफी सफल रहा जिसमें लाभान्वितों की संख्या करीब ३६७ थी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास, महासचिव महेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा, हरदीप सिंह उपस्थित थे। शिविर के अंत में केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और पुनः इसी प्रकार के शिविर आयोजित करने हेतु प्रेरित किया।

### आंदोलन कारी इमाम सफी ने गिरिडीह लोकसभा से परंपरागत तरीके से नामांकन दाखिल किया



**बोकारो :** आंदोलन कारी इमाम सफी ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के लिए परंपरागत तरीके से बेलगाडी में पहुंचे डीसी आफिस और झारखंड की परंपरागत विरासत और संस्कृति को बचाने का संदेश दिया। बताते चलें इमाम सफी जेपीएससी, जेएसएससी भाषा खतियान आंदोलन में हमेशा सक्रिय रहते हैं और बढ़-चढ़कर नेतृत्व प्रदान करते हैं। बताते चलें झारखंड में इंडिया गठबंधन ने लगभग 80 लाख मुसलमानों एक भी सीट न देकर विश्वासघात किया है जिसका जवाब इस चुनाव में देखने को मिलेगा।

### ब्लास्ट फर्नेस -5 मे पी एल सी बेस्ड हॉपर वेंईंग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन



**बोकारो :** अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभारी - संकार्य) के द्वारा ब्लास्ट फर्नेस -5 मे पी एल सी बेस्ड हॉपर वेंईंग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया और इस सिस्टम को अन्य ब्लास्ट फर्नेस मे भी अपनाने का निर्देश दिया गया. कार्यक्रम में श्री पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक( अनुरक्षण), श्री एम पी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक( ब्लास्ट फर्नेस) श्री ए के देव, विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (आई एण्ड ए), श्री एस सरकार, महाप्रबंधक( आई एण्ड ए), श्री बिनय कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस-इले.) और श्री हीरा लाल, सहायक महाप्रबंधक( आई एण्ड ए) के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे. नवीनीकृत पी एल सी बेस्ड हॉपर वेंईंग एण्ड बैचिंग सिस्टम कंट्रोलर के कार्य के सम्पादन में श्री हीरा लाल, सहायक महाप्रबंधक( आई एण्ड ए) के नेतृत्व में श्री रंजीत, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस-इले.), श्री पुष्पवंत कुमार, प्रबंधक (आई एण्ड ए), श्री लोकेश कुमार मीना, उप प्रबंधक (आई एण्ड ए) और श्री रामचंद्र सोरेन, ऑपरेटर/टेक( आई एण्ड ए) की टीम का सराहनीय योगदान रहा.

### समस्तीपुर मंडल में चलने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 01 जोड़ी ट्रेन का किया जायेगा आंशिक समापन

**धनबाद :** समस्तीपुर मंडल में दरभंगा- सकरी खंड के बीच चलने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 01 जोड़ी ट्रेन का समस्तीपुर स्टेशन पर आंशिक समापन/ प्रारंभ किया जायेगा। दिनांक 09.05.24 को राऊरकेला से खुलने वाली गाड़ी संख्या 18105 राऊरकेला- जयनगर एक्सप्रेस का आंशिक समापन समस्तीपुर स्टेशन पर किया जायेगा कइसी प्रकार दिनांक 10.05.24 को गाड़ी संख्या 18106 जयनगर- राऊरकेला एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ समस्तीपुर स्टेशन से किया जायेगा।

### धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद :** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 05.05.24 को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान कुल 2377 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थें इस दौरान उनसे 14 लाख 26 हजार 115 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई चेकिंग अभियान में 155 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे ।

# आजसू से गिरिडीह प्रत्याशी चंद्र प्रकाश दाखिल किया चुनावी पर्चा



**बोकारो :** निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र, विजया जाधव के समक्ष आजसू पार्टी प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने चार सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उषा देवी ने चार सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया. चंद्र प्रकाश चौधरी के नॉमिनेशन में पहुंचे बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि झारखंड के सभी 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है. कहा कि कांग्रेस के मंत्री और उनके नौकर के घर से 30 करोड़ों से अधिक रुपए निकल रहा है. कांग्रेस और इंडी गठबंधन को जवाब देना चाहिए की मंत्री के घर से इतना रुपया कैसे निकल रहा है. इससे पहले भी 300 करोड़ निकल चुका है. इस दौरान झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित अन्य मौजूद थे.

# मथुरा महतो जेएमएम प्रत्याशी ने गिरिडीह से नामांकन भरा



**बोकारो :** जेएमएम प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने महागठबंधन की तरफ से आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष गिरिडीह से दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया. इस दौरान मथुरा प्रसाद महतो के साथ मंत्री बेबी देवी समेत इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता व मंत्री मौजूद रहे. नामांकन के बाद बोकारो के सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में जेएमएम की ओर से एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया. जेएमएम प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कमल प्रसाद ने एक सेट में नामांकन भरा. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष ने दो सेट और निर्दलीय प्रत्याशी उषा देवी ने चार सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया.

# जनता का साथ जनता का विश्वास मोदी के साथः ढुल्लू महतो




बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जन आशीर्वाद जनसंपर्क अभियान के तहत धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो बोकारो विधायक बिंची नारायण के साथ बोकारो विधानसभा क्षेत्र बाधाडीह,वासा, बेलुट,गोपालपुर,ब्राह्मणद्वारिका, चिकसिया,नावाडीह, बांधगोड़ा,नारायणपुर,भंगा बाजार,नारायणपुर,बहादुरपुर,इस्पात नगर,भोजपुर कॉलोनी,अंबेडकर नगर,कार्तिक नगर, महुआर क्षेत्र का दौड़ा कर धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होना है. इसके लिए प्रत्याशी क्षेत्र में जोरदार तरीके से दौरा कर जनसंपर्क अभियान तेज किए भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो बोकारो विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं. इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लु महतो ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की. किसान का बेटा हु आपका भाई हु । भाजपा ही एक पार्टी जो परिवार वाद से दूर । कांग्रेस में पिता पुत्र पुत्रवधु के सिवा कोई बन नही सकता। केन्द्र की मोदी सरकार के 10 सालों में किये गए विकास कार्यो के आधार पर वोट मांगने आया हूँ। आज हर घर में विकास की कई योजनाएं दी गई है। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा कार्यकताओं के काम का नतीजा है कि लोगों का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है. गरीब के बेटे को वोट देकर भाजपा को जिताने का काम करें.

इस कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा के सह संयोजक श्र रोहित लाल सिंह ,भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, बोकारो विधानसभा के द्वय सह संयोजक श्री वीरभद्र सिंह डॉक्टर परिंदा सिंह , हरीश सिंह,सनातन सिंह,पन्नालाल कांदु,अनिल सिंह,माथुर मंडल,सुजीत चक्रवर्ती,मोहन गोराई,स्वदेश खवास,प्रकाश नायक, निमाई महथा, सपन दत्ता,सुबोध मंडल,शिबू गोराई,राहुल गोस्वामी,सहित पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## झारखंड में एक भी सीट लेने के लिए सांसद ने नहीं दिखाइ रुचि : चौधरी




बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो सेक्टर12 स्थित जनता दल यू कार्यालय में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक हुई। मौके पर पूर्व बि याड़ा अध्यक्ष जनता दलयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक तौर पर सांसद खीरू महतो अध्यक्ष नहीं है ।जब वह अध्यक्ष थे तब भी डेढ़ वर्षो में वह कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए और संगठन को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के बजाय दल को दिशाहीन करने की ओर नीतीश कुमार द्वारा प्रदत शक्ति का दुरुपयोग किया। उन्होने ने कहा की बिहार कोटे से एक महतो समुदाय के व्यक्ति को नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा सदस्य बनाना झारखंड के प्रति उनका स्नेहिल स्वभाव को दशार्ता है। झारखंड में एक भी सीट लेने के लिए उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया ना रुचि दिखाई ।कहा कि इन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने के बजाय पार्टी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीआईजी संजय रंजन जैसे लोगों को पार्टी में आने में बाधा उत्पन्न करने का काम किया। बैठक का संचालन डॉक्टर के कुमार ने किया । बैठक को प्रवीण कुमार ,वाल्मीकि सिंह,कौशल राय, दिलीप महतो,प्रेम यादव, जनार्दन चौधरी, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, अब्बू कमाल , महेंद्र सिंह, रामनरेश प्रसाद अनिरुद्ध जी शंकर स्नेही सिंह, अशोक कुमार सिंह, विजय यादव आदि ने संबोधित किया ।

# संत जेवियर्स के विद्यार्थियों ने दसवीं और बाहरवीं में लहराया परचम

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** संत जेवियर्स विद्यालय के छात्रों ने दसवीं (आईसीएसई) एवं बारहवीं (आईसीसी) सत्र 2023-2024 के परीक्षा में रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की है। यह परिणाम गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों स्तर में उच्चतम है। संत जेवियर विद्यालय के विद्यार्थियों के अपने कठिन तपस्या से प्राप्त यह अतिउत्तम परिणाम से विद्यालय का नाम पूरे जिला में रोशन हुआ है।

कक्षा दसवीं के परिणाम के आधार पर आयुष सुमन 98 प्रतिशत के साथ विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहे , वहीं सक्षम अग्रवाल 97.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं श्रीश संदीप कुरादकर 97 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं बारहवीं में विज्ञान संकाय में अद्वितीय अपूर्व ने 97.5 प्रतिशत के साथ संस्थान में अव्वल स्थान प्राप्त किया, साथ ही ईशान गुप्ता 93.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आयुष कुमार झा 93.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

वाणिज्य संकाय में विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर अनुष्का कौर पोपली 94.75 एवं यश कंडुलना 94.75 प्रतिशत प्राप्त किये , द्वितीय श्रुति नायक 92.5 प्रतिशत एवं यशस्वी सिंह 92.25 प्रतिशत के लाकर तृतीय स्थान पर रहे।

कला संकाय में वेदांत प्रियदर्शी 90 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया , वहीं दूसरे स्थान पर अरुंधति चंदा 88.25 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

विद्यालय का प्रत्येक बच्चे को सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने की कार्यशैली का पुरजोर समर्थन करने वाले हमारे विद्यालय के प्राचार्य महोदय फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने विद्यार्थियों को उनके महान उपलब्धि के लिए, साथ-ही उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। साथ-ही उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम , एकाग्रता , आत्मविश्वास , निरंतरता , सकारात्मकता , समयबद्धता , निरंतर ज्ञानार्जन व समुचित कार्यशैली का परिणाम है।

विद्यालय के विद्यार्थी अपने परिणाम में प्राप्त सफलता के लिए इसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य महोदय , समस्त शिक्षकवृन्द , माता-पिता एवं अपने कठिन परिश्रम मेहनत को देते हैं। दरअसल शिक्षा अपने अज्ञान की एक प्रगतिशील खोज ही है। ज्यों-ज्यों हम ज्ञान के अथाह सागर में डुबकी लगाते हैं, इससे निकले अनुभव के मोती हमें इस बात का एहसास कराते हैं कि अभी हमने बहुत कम जाना है और अभी बहुत कुछ जानना बाकी है। जीवन के हर क्षेत्र में हम रोज इसी तथ्य से दो-चार होते हैं।

निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि विद्यालय की सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के लिए जिन सर्वोत्तम मानकों की आवश्यकता होती है वह सभी यहाँ उपलब्ध हैं ।हमारे विद्यालय के सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को एक आदर्श कार्यप्रणाली की संज्ञा दी जा सकती है। विद्यालय परिवार सफल हुए समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# महामारी का रूप लिया शुगर और उच्च रक्तचापः डॉ श्रवण




बिभा संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा सांई कंप्यूटर सेंटर, जोधाड़ीह मोड में पीपीएच स्वास्थ्य अभियान के तहत शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन,हाईट एवं पल्स जांच शिविर का आयोजन कराया।

रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी है । पूजा ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन शैली में इतना परिवर्तन आ गया है की जीवन क्रिया में बदलाव के कारण हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्रवण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। डॉ श्रवण ने कहा की भारत में बड़ी संख्या में व्यक्ति शुगर अथवा उच्च रक्तचाप से ग्रसित होता है पर उन्हें पता नहीं होता क्योंकि वह समय पर जांच नहीं करवाते हैं। डॉ श्रवण ने यह भी कहा 40 वर्ष और ऊपर के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से साल में काम से कम दो बार रेगुलर बीपी और शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा ने कहा की शुगर और ब्लड प्रेशर की बिमारी महामारी की तरह फैल रही हैं। अशोक तनेजा ने कहा कि यदि लंबा और सुखी जीवन जीना है तो दोनों बीमारियों पर कंट्रोल करना होगा।डॉ रविकांत ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को कभी जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। डॉ रवि ने कहा की नियमित रूप से दवाइयां लेकर हम इन्हें कंट्रोल में कर सकते हैं। चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हमें सजग रहना होगा। डिंपल ने यह भी कहा की चास रोटरी का यह स्वास्थ्य अभियान आगे भी जारी रहेगा। डिंपल ने बताया की स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 42 लोगों के शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं पल्स की जांच की गई, और इनमें से कई लोगों को शुगर एवं ब्लड प्रेशर पाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा, संजय रस्तोगी, शिवानी तनेजा, शैल रस्तोगी,जेड खान, शाहिद अंसारी खा स रनिया योगदान रहा।

# बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिले के जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया तिरो स्थित उच्च विद्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा ट्रैफिकिंग के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को ट्रैफिकिंग के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।

सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने बताया कि गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ स्कूलों तथा गांवो में यह अभियान चलाया रहा है। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के खिलाफ लोगों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाना और इसकी बुराइयों से अवगत कराना है। यद्यपि पिछले एक दशक में देश में केंद्र और राज्य सरकारों ने बच्चों की ट्रैफिकिंग पर काबू पाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं लेकिन आम लोगों में जागरूकता की कमी के कारण ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों सहित झारखंड में बच्चों की ट्रैफिकिंग को रोकना दशकों से एक बड़ी चुनौती है। यद्यपि सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर प्रयासों के कारण ट्रैफिकिंग के मामले दर्ज होने की संख्या बढ़ी है लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2021 के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर घंटे नौ बच्चे लापता होते हैं, जबकि रोजाना आठ बच्चे ट्रैफिकिंग के शिकार होते हैं। रिपोर्ट बताती है कि 2021 में देश 77,535 बच्चे लापता हुए जो 2020 के मुकाबले 31 फीसद ज्यादा है। हमें अपने परिवार गांव को सुरक्षित रखना है तो हमें सचेत रहना होगा।

देश में बच्चों की ट्रैफिकिंग के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह तथ्य कि आज ज्यादा से ज्यादा लोग बच्चों के लापता होने की जानकारी देने सामने आ रहे हैं, अपने आप में एक बड़ा बदलाव है। यह इस बात का संकेत है कि जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर हमने जो जागरूकता अभियान चलाया है, उससे लोगों की मानसिकता बदली है और सुखद नतीजे सामने आ रहे हैं । हालांकि सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के प्रयासों में जुटी हुई हैं लेकिन इस संगठित अपराध को देश से पूरी तरह खत्म करने के लिए एक कड़े एंटी-ट्रैफिकिंग कानून की सख्त जरूरत है।

इस दौरान कॉमिक्स बुक्स के माध्यम से बच्चों को बाल तस्करी के बारे में जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक अशोक कुमार पाठक, सुनीता देवी ब्रजेश कुमार अनिता देवी मोहन कुमार अखिलेश कुमार आदि उपस्थित थे ।

## सीएमओआई के अधिकारियों ने सीएमडी सीसीएल से की शिष्टाचार भेंट



बिभा संवाददाता

**रांची :** सीसीएल मुख्यालय में कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के रांची ब्रांच के अधिकारियों ने श्री निलेंदु कुमार सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक , सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने शिष्टाचार मुलाकात की। अवसर विशेष पर श्री डीएन सिंह, अध्यक्ष , सीएमओआई, श्री एसके सिंह, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई और श्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष , सीएमओएआई ने पुष्प गुच्छ दे कर सीएमडी,सीसीएल का स्वागत किया। ज्ञात हो कि सीएमडी,सीसीएल ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशानुसार 29.04.2024 को सीएमडी, सीसीएल के पद पर अपना योगदान दिया है ।उल्लेखनीय है कि कंपनी के नीति निर्माण एवं अधिकारियों के समस्याओं एवं विषय वस्तु के समाधान हेतु सीएमओएआई एक प्रभावी संस्था है जो कंपनी प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीसीएल के विकास के लिए कृत संकल्प रहती है ।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ते गर्मी में पारा हुआ 40 डिग्री पार, बाजार हुआ फीका



**खूँटी** । जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है, वहीं लोग बाहर निकलना कम कर दिए हैं। वहीं दिन में लू हवा से लोग हताशा महसूस करने लगे हैं। इसलिए बहुत ही आवश्यकता हो रही है तभी लोग बाहर मजबूरी वश निकल रहे हैं। ग्राहक भी दुकान कम पहुँचने से सामानों की बिक्री कम हो गयी है। वहीं चिकित्सकों ने लूं से बचने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही, पानी व ओआरएस कि घोल पीने की सलाह दे रहे हैं। बता दें कि विगत तीन चार वर्ष पहले लाखों रुपए की लागत से शहर के विभिन्न मुहल्लों में बना प्याऊ बेकार हो चुका है। जिससे ठीकेदार केवल कमा पाया। वहीं शहरवासी बतलाते हैं कि सरकारी मदों का दुरुपयोग होता है और कुछ नहीं।

### आधार कार्ड में लाभुक नाम नहीं होकर गांव का नाम होने से हो रही है सुशीला को समस्या



**खूँटी** । जिले के जरिया गढ़ थाना क्षेत्र (तात्कालीन कर्रा थाना) अंतर्गत डाकघर बिकुआदाग के तहत निधिया गाँव निवासी सुशीला देवी पति रंजीत साव का आधार कार्ड में उसके नाम सुशीला देवी के जगह उसके मैके गांव का नाम चढ़ा गया है। जबकि सुशीला देवी के नाम पर मैट्रिक परीक्षा प्रमाणन, बैंक पासबुक, मतदाता पहचान सभी है। लेकिन आधार कार्ड में उसके जगह गांव का नाम नाम अंकित हो जाने से समस्या होने लगी है। जिसका शपथ पत्र संलग्नित है ।

### आगामी आठ जून को लगेगा लोक अदालत



**खूँटी** । नालसा एवं झालसा राँची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषीकेस कुमार की अध्यक्षता में 08 जून24 को होने वाले मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वादों के निस्तारण हेतू विशेष लोक अदालत के लिए सोमवार को योजना बैठक किया गया। यह विशेष लोक अदालत 08 जून को होना है जिसमें पक्षकार समझौता पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। इस बैठक में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीया श्रीमती प्राची मिश्रा, डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर, इंश्योरेंस कंपनी के विधि अधिकारी गूगल मीट के द्वारा ऑनलाइन जुड़े रहे एवं इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता गण एवं पक्षकार अधिवक्ता गण सा शरीर उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दी गई।

### डम्पिंग यार्ड में शनिवार को लगी आग आज तक नहीं बुझी



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के डम्पिंग यार्ड में तीन दिन पहले लगी आग आज तक नहीं बुझ पायी है। दो दिनों तक अग्निशमन वाहन द्वारा आग को लगातार बुझाने का कार्य किया गया। पर आग की लपट भले कम हो गयी लेकिन लगातार ही जल रही है। वहीं आस पास भी आग से भी गर्मी बढ़ गयी है। वहीं सुबह में आसपास में वायु प्रदूषण स्पष्ट नजर आता है। लोगों ने बताया कि आज सुबह धूंध सा छा गया था। वहीं दुर्गंध भी आता है। वहीं आग को बुझाने के लिए बोरिंग मकान मोटर फीट करके लगाया गया है। इस प्रकार आग बुझाने का प्रयास तो जारी है पर, आग की लपट भले कम हो गया है लेकिन आग अभी तक पूरी तरह बुझा नहीं है।

### छोटानागपुर तेली समाज के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए किया जनसम्पर्क



**खूँटी** । भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए सोमवार को छोटानागपुर तेली समाज के अधिकारियों व भाजपा कार्यकताओं ने विभिन्न गाँवों का दौरा किया। मौके पर खूँटी से कमल फूल का बटन दबाकर अर्जुन मुंडा को लोकसभा में भेजकर खूँटी का कद ऊँचा करने के लिए लोगों से मतदान करने को कहा। मौके पर, बताया कि खूँटी से विपक्ष का सांसद भेजने से अच्छा केंद्र में सरकार के साथ निभानेवाला सांसद व मंत्री के रुप में खूँटी का प्रतिनिधित्व हो ऐसा लोकसभा क्षेत्र से प्रतिनिधि चुनने से खूँटी का विकास होगा। इस दौरान लोगों को अर्जुन मुंडा के लिए मतदान करने व कराने का आग्रह किया गया। मौके पर, विचागड़ा , जलटंडा, सुंटी, भोंडा, असलमाड़ी गाँव में जनसम्पर्क किया गया। इस दौरान, छोटा नागपुर तेली समाज के संरक्षक किशोर कुमार गंझू एवं भोपाल राम गंझू , शिव नारायण गंझू , विकास कुमार महतो, नमित नाग, रूपचंद महतो, रतन कुमार महतो, फूलो देवी, रंथी देवी, शांति कुमार शामिल थे।

#### तोरपा विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने किया जनसंवाद

## खूँटी लोकसभा क्षेत्र का चहुँमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है : कालीचरण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिनों का समय बचा है। ऐसे में खूँटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी जनसंपर्क तेजी से करना शुरू कर दिया है। सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर उन्होंने जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान कालीचरण मुंडा ने तोरपा के अन्तर्गत सुन्दारी, दियाँकेल, कारको टोली, उकड़ीमाड़ी, टाटी, कसमार, भुशूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। खूँटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आँकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी। इस बार जनता लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए हाथ छाप में बटन दबकर मतदान करे। इस मौके पर, अजय कुमार गुप्ता पवन कुमार राहुल केसरी सहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पार्टी उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में व्यय पुस्तिका की हुई जाँच

**खूँटी** । 11-खूँटी (अ०ज०जा०) लोकराभा निर्वाचन क्षेत्र' 2024 से निर्वाचन हेतु उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जाँच सोमवार को समाहरणालय के विकास भवन- स्थित सभागार से व्यय प्रेक्षक एस० आर० नेडुमारच एवं सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी। उक्त जांच में उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सावित्री देवी, झारखंड पार्टी के उम्मीदवार अर्पणा हंस, भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार बबीता कच्छप, पास्टर संजय कुमार तिर्की, (निर्दलीय), बसंत कुमार लोंगा (निर्दलीय) के द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जाँच हेतु उपस्थित हुए।

## आगे बढ़कर मतदान करेंगे बिरहोर किया गया जनजागरण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह एवं सोसोकुटी बिरहोर टोली में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। बिरहोर परिवारों ने शत - प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह एवं सोसोकुटी बिरहोर परिवारों के बीच विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं ही सेल्फी प्वाइंट एवं रंगोली बनाई। साथ ही गीत गाकर मतदाताओं से अपील की। नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूंटी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, अड़की एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता सूचना स्लिप में मतदान के महत्व, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी आदि संबंधित सूचना हैं। जिसे आमजनों के बीच वितरण किया गया।

### खूंटी एवं तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी तृतीय का प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60- खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी तृतीय के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी एवं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक कार्य निष्पादन की विस्तार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान अधिकारी तृतीय को बताया गया कि आप कंट्रोल यूनिट के प्रभारी होंगे।मतदाताओं से पर्ची लेकर उसका हिसाब कर सुरक्षित रखना आपका दायित्व है। मतदाताओं की उंगली में लगायी गयी अमिट स्याही की जांच करने के बाद मतदान हेतु बैलेट जारी करना आपकी जवाबदही होगी। मतदानकर्मियों को डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 59- तोरपा एवं 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त क्रमशः 280 एवं 328 महिला-पुरुष तृतीय मतदान अधिकारी शामिल थे।

### खूंटी एवं तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी द्वितीय का प्रशिक्षण आयोजित

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । प्रशिक्षण कोषांग, खूँटी द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी द्वितीय के लिए बिरसा कॉलेज एवं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक कार्य संपादन की विस्तार जानकारी दी गई। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम एवं एनएलएमटी सह बीडीओ, पदमा, हजारीबाग मृत्युन्जय शर्मा द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुँच कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया गया। मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त अधिकारियों द्वारा सुविधा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया और मतदान कर्मियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध जानकारी दी गई। साथ ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर, मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 59- तोरपा एवं 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त क्रमशः 280 एवं 328 महिला-पुरुष प्रथम मतदान अधिकारी शामिल थे।

## भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित होने की ओर अग्रसर : राजा पीटर

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । बिरसा विकास समिति के महासचिव पूर्व मंत्री राजा पीटर के नेतृत्व में बिरसा विकास समिति के बैनर तले खूँटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ तमाड़ एवम् अड़की के विभिन्न गाँवों में मोटरसाइकिल रैली कर भाजपा के लिए वोट मांगा। रैली तमाड़ के विभिन्न जगहों पर होते हुए अड़की प्रखंड के सिरकाडीह बांदु , टेटेबांदु, मरांगपिड़ी, सारगीटुंगरी हादरी, कोंचा, सिंदरी, सोसोहातु, सिंदरी होते हुए अड़की में रोड शो के बाद भगवान बिरसा मुण्डा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जनता से रूबरू हुए एवम भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की साथ ही अड़की में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उसके बाद पिस्काहातु नोड़ी में भी लोगों से मिले। सभी गांव टोलों पर रुककर ग्रामीणों से पूर्व मंत्री राजा पीटर जी ने ग्रामीणों से संवाद किया और भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है क्योंकि वे देशहित में बहुत अच्छे कार्य कर रहे हैं उनके कार्यकाल में देश में प्रगति हुई है और आगे उनके नेतृत्व में भारत विकसित देश बनने की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के जीत से खूँटी लोकसभा में विकास के कार्यों में और प्रगति होगी।साथ ही कहा कि झारखंड में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस दौरान रैली में बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडे सीताराम मुण्डा जयपाल पातर बंटी मुण्डा जादु पाहन कौशिक चक्रवर्ती विशाल मांझी, सतिष योगी, लखिराम मुण्डा, सुभाष महतो, उपेन महतो, रमेश महतो, आशीष पांडे, संजय दास, अटकु चौधरी, संतोष जायसवाल, अशोक ठाकुर, प्रमोद भगत, विक्की आनन्द, गौतम शुक्ला, संतोष दुआरी, कमलेश आचार्या, विजय गुप्ता, श्यामचांद सिंह मुण्डा, मनोज पातर, बंटी सिंह, ब्रिरांती खंडीत, दीपक स्वांसी, अनंत सेठ, विमल पांडे, बुद्धेश्वर दास, मनोज हजाम, बिनीत पांडे, प्रशांत मुण्डा, किशन लायक, सहीत सैकड़ों लोग शामिल थे।

#### भाजपा कर रही है प्रतिदिन जनसम्पर्क मैराथन कार्यक्रम

## भाजपा का विजय में सभी का हो मतदान भूमिका, अर्जुन मुण्डा को कमल देकर बनाएँ सांसद - नीलकंठ

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ सोमवार को विभिन्न मुहल्लों में जनसम्पर्क अभियान चलाया व सभाएँ की। इस दौरान सुबह में स्थानीय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा कार्यकताओं के साथ जमुआदाग हरिजन मुहल्ला पहुँचे। वहीं विधायक ने कहा कि भाजपा ही देश का विकास कर सकता है। बाकि लोग लूट खसोट औश्र भ्रष्टाचार करने में समय देते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी देख सकते हैं कि झारखण्ड में भाजपा की सरकार नहीं है तो किस प्रकार भ्रष्टाचार है। बालू मिल नहीं रहा है और मिल भी जाता है तो दाम आसमान छू रहा है। वहीं शाम को दतिया गाँव में ग्रामीणों के संग बैठक किये। जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष युवक युवती उपस्थित थे। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूँटी से प्रत्येक व्यक्ति अर्जुन मुण्डा को अपने मतदान का एक एक कमल देकर सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें। ताकि खूंटी का कमल फूल दिल्ली जाएगा और 400 पार के साथ एक बार फिर मोदी सरकार बनेगा। इसमें खूंटी की महती भूमिका होनी चाहिए। इस कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने की। मौके पर, सुरेश जायसवाल के अगुवाई में खूँटी नगर के दतिया देवीगुड़ी में पथ कार्यक्रम हुआ। जिसमे मुख्य वक्ता माननीय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा खूंटी जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, विकाश चौधरी, तुलसी गंझू, राजेश महतो, रन्दाय नाग, सोनामती देवी, कंचनमाला, सीता देवी सोनी देवी , सुनीता देवी, रेखा देवी, लीलावती देवी, उमेश्वरी देवी, बिमला देवी, अनिल कुमार, उमेश कश्यप, मिक्की जायसवाल, शुभम जायसवाल अनुप साहू, दिनेश जायसवाल, महिंदर नायक, पवन कुमार साह, समीर पंडित, सत्यनारायण महतो, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन, व जमुआदाग में अनंत राम रामचरण गोप प्रभु राम सुबोध राम कुलदीप गोप नितेश कुमार मुकेश कुमार वीरेंदर गोप ओर अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### दिव्यांगता को लाचारी न समझते हुए बीडीओ ने रैली में स्कूटी चलाकर लोगों को की जागरूक

## आप करेंगे मतदान तभी देश को मिलेगा सम्मान, मतदान करना सबका अधिकार : ज्योति कुमारी

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली के माध्यम से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस रैली में क्षेत्र की महिलाएँ एवं युवक - युवतियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। वहीं इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लोगों के उत्साह देखते बना। वहीं लोगों में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा स्कूटी चलाकर अगुवाई करना सभी के लिए एक उदाहरण सा बना कि एक महिला ऑफीसर ने स्कूटी चलाकर अगुवाई की। इस स्कूटी रैली का जत्था को देख लोग उपायुक्त सूरज कुमार को याद किये। जिन्होंने जनता के साथ घुल-मिलकर कार्य करने में विश्वास रखते थे। वहीं रविवार की शाम शहर के सड़क पर ऐसा लग रहा था कि जागृति केवल मतदान के लिए नहीं बल्कि अच्छे कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी कई जा रही है। वही एक महिला ऑफीसर दिव्यांग होने के बावजूद अपने दिव्यांगता को लाचारी न समझते हुए स्कूटी परिचालन करती नजर आयी। जिसमें जनता के प्रति जोश भरने कि काम किया। वहीं लोगों ने जोश-खरोश से अबकी बार 80प्रतिशत पार मतदान का नारा लगाकर क्षेत्र के लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। वहीं खूँटी प्रखण्ड मुख्यालय से होकर समाहरणालय से लौटकर भगतसिंह से चौक नेताजी चौक , कर्रा रोड बगडू व बिरहू में अंत किया गया। जहाँ बिरहू गाँव में इसी के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाता प्रतिज्ञा ली गई एवं 13 मई, 2024 को मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचने की अपील की गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने कहा कि मतदान करना हम सभी का अधिकार है। मतदान करने से ही अपने विचारों की सरकार बनती है। देश को एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए प्रजातंत्र देश होने के नाते मतदान प्रक्रिया के द्वारा समर्थन करना आवश्यक है। इस बार ख्याल रखा जाए कि अपने क्षेत्र से 80% मतदान निश्चित तौर पर हो। अधिकतम मतदान होना उसे क्षेत्र की लोगों की जागृति को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में आवश्यक रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

### प्रधानमंत्री के कार्य और भाजपा के नीति सिद्धान्त से खुश होकर मुखिया हुई भाजपा में शामिल



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिले के जरिया गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गाँवों में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कोचे मुण्डा के द्वारा सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर उन्होंने गोविंन्दपुर मंडल के लिमड़ा पंचायत अंतर्गत डुमारी गाँव पहुँचे। वहीं ग्रामीणों से मुलाकात की तथा भाजपा को मतदान करने के साथ साथ लोगों से भी मतदान कराने के लिए आग्रह किये। इसी क्रम में लिमड़ा पंचायत की मुखिया सोमारी उराँव से मुलाकात कर उनको भाजपा परिवार में पुनः घर वापसी कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किए। लोकसभा चुनाव में सभी को भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा को कमल निशान में वोट देकर विजयी बनाने की अपील किए। उसके उपरांत लिमडा पंचायत के काठशेमला में ग्रामीणों से मिलकर जनसंपर्क किये। मौके पर, विनोद सिंह, अरुण गोप, भगीरथ राय आदि अनेक लोग उपस्थित थे। यह जानकारी गोविंदपुर मंडल के भाजयुमो अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि विनय गुप्ता ने दी।

# अरविन्द केजरीवाल बाहर होगे या अन्दर ही रहेंगे?



विनोद कुमार सिंह

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं।

अरविन्द केजरीवाल को राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा देशवासियों के लिए बदलते हुए पर्यावरण के मियाज प्रचंड गर्मी के लोक सभा 2024 के साधारण चुनाव की सरगर्मी,राजनीति दलों के सिद्धान्त विहीन व दिशाहीन गतिविधियों से भारत राजनीति की चर्चा राजनीति के मनिषयों के संग अन्तराष्ट्रीय राजनीति पर पैनी नजर रखने चर्चा-चिन्तन व चिन्ता बन गई है*।आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा । क्या वह किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है।जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है।सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वालि है।चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है।तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है*आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है।जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है।जो केन्द्र शासित प्रदेश है ,लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है।जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई । ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है। लैकिन केन्द्र सरकार के रूप में एन डी ए की सरकार बनी - दिल्ली की जनता ने अरविन्द केजरीवाल को लगातार तीसरी अपना मुख्यमंत्री बनाया केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि वर्तमान राज्यपाल के ठकराव की ऐसी स्थिति बन गई दोनों की आपसी लड़ाई के मध्य दिल्ली की जनता परेशान है। ऐसे मामला इतना तुल पकड़ा कि मामला न्यायालय व जाँच ऐजेन्सी के चक्र बहू में फस गया है। जाँच ऐजेन्सी की आँच में मंत्री उप मुख्य मंत्री व मुख्य मंत्री को जेल की चारदीवारी तक पहुँच गये ।ऐसे ही दिल्ली की नई शराव नीति का मामला है।



दिल्ली के मुख्य मंत्री व राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र के लेकर देश के न्याय मन्दिर में पहुंचा।जाँच ऐजन्सी के जाल विछा कर जेल के अन्दर डाल दिया , वही अरविन्द केजरीवाल नें उनकी गिरफ्तारी को न्यायलय में चुनौती दे डाली।इसी घटना में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने अपना फैसला 7 मई के लिए सुरक्षित रख लिया है।दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत दे सकते हैं या नहीं,लेकिन आचार संहिता लागू होने के दौरान उनकी गिरफ्तारी के तर्क पर सवाल उठाया।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की इस याचिका पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच ने कहा कि वे हो सकता है कि या तो 7 मई को उन्हें जमानत न दी जाएगी या न भी दी जा सकती है ,लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक हफ्ते बाद,चुनाव के बीच में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के अपने कृत्य के पीछे के तर्क को सही ठहराना होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि चाहे कुछ भी हो प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक सप्ताह बाद 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की अपनी कार्रवाई को उचित ठहराना होगा।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को इस संभावना के लिए तैयार रहना होगा कि वास्तविक चुनावों के मद्देनजर दिल्ली के सीएम को जमानत मिल भी सकती है।

हालाँकि,उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल जाएगी क्योंकि हम उन्हें जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते हैं। इस संदर्भ में

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह सोचना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल रही है,हालांकि अदालत इस संभावना पर खुली है ।हालाँकि,हम किसी भी तरह से कुछ नहीं कह रहे हैं,कि हम जमानत देंगे या नहीं, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा।

सर्वविदित रहे कि जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को विगत 21 मार्च को दिल्ली सरकार की नई आबकारी पुलिस द्वारा किए गए शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था।

जाँच पहले दिल्ली के सीएम को किंगपिन बताया था, जबकि जेल में बंद दिल्ली के सीएम ने अपनी गिरफ्तारी को पूरी तरह से मनमाना और अवैध बताया है, जो पहली बार लोकतंत्र के सिद्धांतों को नष्ट करने वाला था।

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं।जमानत पर बाहर आने के बाद उनका जोरदार स्वागत किया गया।संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या का मामला है क्योंकि जिस मामले में वह तिहाड़ जेल के अंदर हैं,उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला है।फिलहाल देश की राजनीति के बदलते घटना क्रम में जिस तरह केन्द्र की सतारूढ़ सरकार अपने विरोधी राजनीति दलो के नेताओं पर दबाब बना कर , जाँच ऐजेन्सी का डर पद व पदोन्नति का प्रलोभन देकर भले उन पर किसी प्रकार आरोप लगा - विपक्षी नेताओ के खिलाफ दबाव व डर बनाकर सरकारी गवाह बनाकर -हथकड़ा बनाया यह किसी से भी नही छुपी है। 7 मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आना वाला है तीसरे चरण का मतदान भी ऐसे अन्तिम फैसला देश की जनता जर्नादन को करना है। फिलहाल इसके लिए इंतजार आप को करना होगा।

## संपादकीय

# संदेह से परे सुरक्षा

सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि वे निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। 45 वर्षीय निज्जर की पिछले वर्ष कनाडा में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गुरुद्वारे के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिससे भारत और कनाडा के दरम्यान राजनयिक विवाद पैदा हो गया। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है तथा उनके पास प्रमाण हैं, और इस मामले में भारत सरकार के तार जुड़े होने की बाबत इन्हें खंगाला जा रहा है। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ही भारत के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात कर चुके हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन आरापों का सिरे से खंडन किया था। साथ ही, कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों और चरमपंथियों को पनाह देने की भी बात कनाडा के समक्ष उठाई थी। गौरतलब है कि निज्जर भारत सरकार द्वारा पहले ही आतंकवादी घोषित किया जा चुका था जो ऐसे चरमपंथी अलगाव समूह का नेतृत्व कर रहा था, जो अलग खालिस्तान की मांग करता है। इस जांच में भारतीय अधिकारियों को शामिल कर कनाडाई सरकार ने अपनी निष्पक्षता दशार्ने के भी प्रयास किए हैं। कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में रहने वाले सिखों में भी खालिस्तान के मुखर समर्थक हैं। भारत सरकार सिख अलगाववादी आंदोलन की इस चिंगारी के भड़कने को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप बताती रही है। इससे पहले भी ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय मौत और लाहौर में परमजीत सिंह पंजवाड की गोली मार कर की गई हत्या पर भारत सरकार पर संदेह किया गया था। कोई भी सरकार अपनी अखंडता, सुरक्षा और आंतरिक मामलों में बाहर का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकती। बहरहाल, जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। खासकर इस वक्त जब देश में लोक सभा के चुनाव चालू हैं, इस तरह के विवादों से समुदाय विशेष को प्रभावित करने की आशंका भी निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि मोदी सरकार वैश्विक पटल पर देश की छवि को लेकर न केवल सावधान रहती है, बल्कि कड़े संदेश देने में भी कदम पीछे नहीं खींचती। चरमपथियों/आतंकवादियों को लेकर किसी भी तरह की मुलायमियत देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराई जा सकती।



## चिंतन-मनन


# भय को निकालें

जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा।

एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया।

जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ। मनोविज्ञान के अनुसार हर व्यक्ति में कुछ मौलिक मनोवृत्तियां होती हैं। जीने की इच्छा भी इसी में एक है।

# क्यों घट रहा है मतदान का प्रतिशत?



सनत जैन



साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक ले जाने में सबसे बड़ी भूमिका, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन और भाजपा संगठन की रही है। इस कारण 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में हर बार से ज्यादा मतदान हुआ। 2024 में यह स्थिति बदली हुई दिख रही है। इसका मुख्य कारण, भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन के कार्यकर्ता इस बार निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। निष्क्रियता का एक बड़ा कारण भारतीय जनता पार्टी में अन्य दलों के नेताओं और कार्यकताओं को शामिल किया जाना है। दरअसल 2024 लोकसभा चुनाव के पहले ओर लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा में प्रवेश दिया जा रहा है, उसके कारण भाजपा संगठन और आनुवंशिक संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैरान हैं। अन्य दलों से आए नेताओं और कार्यकताओं का भाजपा की विचारधारा से कोई लगाव नहीं होता है। इसके बाद भी बाहर से आए हुए नेताओं को महत्वपूर्ण पदों से नवाजा जा रहा है। भाजपा के लिए अब सत्ता ही एक विचारधारा बनकर रह गई है। भाजपा में बाहर से आए हुए अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं पर आरोप है कि वो अपने साथ गंदगी लेकर आ रहे हैं। इस कारण संगठन के नेता और कार्यकर्ता मायूस होकर घर बैठ गए हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा संगठन को पूरी तरह से प्रोफेशनल कंपनी की तरह संचालित किया जा रहा है। जो भाजपा के नेता सत्ता की कुर्सी पर विराजमान हैं। उनका भाजपा संगठन के साथ कोई लगाव नहीं रहा है। जब चुनाव आते हैं, तब पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को एकत्रित कर रैली, जनसभाओं में भीड़ लाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर बाकायदा भुगतान भी किया जाता है। दूसरी तरफ भाजपा संगठन और संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता और प्रचारक हैं जो लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे है। उनसे केवल बंधुआ मजदूर की तरह काम लिया जाता है। अपने ही संगठन में वह उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता है, कि जिस विचारधारा के साथ जुड़कर वह कई पीढियों से संघ और भाजपा को सेवाएं देते आ रहे हैं। उस पर अब प्रोफेशनल का कब्जा हो गया है। सत्ता का लाभ उन्हें ही मिल रहा है। ऐसी स्थिति में वह कोई विरोध तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं से संपर्क रखने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के काम में अब उनकी कोई रुचि नहीं रह गई है।

देशभर में भाजपा के 10 लाख से अधिक पदाधिकारी, जिनमें संभागीय जिला, ब्लॉक के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख चुनाव कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। यही वर्ग सबसे ज्यादा इस बात से नाराज है, कि बाहर से इतने सारे नेताओं को उनके सिर पर लाकर क्यों बैठाया जा रहा है। इसी तरह से अनुवांशिक संगठनों से जुड़े हुए पदाधिकारी और प्रचारक भी शांत होकर इस चुनाव में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। पश्चिम बंगाल और केरल में कम्युनिस्ट पार्टी का एक संगठन काम करता है। कांग्रेस का संगठन देशभर में निष्प्रभावी होकर रह गया है। जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, उनका नेटवर्क जरूर मजबूत है। देश के सभी राज्यों में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका भाजपा संगठन और संघ के अनुवांशिक संगठनों की रही है। उसमें निराशा का भाव आ गया है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई का जवाब कार्यकताओं के पास नहीं है। मतदान कम होने से सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही होता हुआ दिख रहा है। हाल ही में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कार्यकताओं की इस व्यथा को खुलकर बताया है। उनका कहना था, इंदौर में जिस तरह से कांग्रेस उम्मीदवार को भाजपा में प्रवेश दिया गया है। उसकी कोई जरूरत नहीं थी। इंदौर में भाजपा उम्मीदवार आसानी से चुनाव जीत रहा था। भाजपा और संघ से जुड़े अनुवांशिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकताओं के फोन उनके पास आ रहे हैं। वह कह रहे हैं, हमारे पास नोटा को वोट देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। भाजपा संगठन में जिस तरह से कांग्रेस के लोगों को लाया जा रहा है। इसका विरोध करने के लिए नोटा के अलावा और किसी को वोट तो दे नहीं सकते हैं। भाजपा संगठन को ताई की बात को समझना होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दौहरा नुकसान होने जा रहा है। भाजपा से जुड़े निष्ठावान कार्यकर्ता यदि नोटा में वोट देते हैं, तो भाजपा के उम्मीदवार का नुकसान है। आसपास के जो वोट निकालकर मतदान केंद्रो तक ले जाते थे, निराशा में होने के लिए वह खुद तो वोट डाल रहे हैं। मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। गर्मी और खेती किसानी के कारण मतदाता अपने घरों से नहीं निकल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता भी चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। अभी तीसरे चरण के चुनाव होने जा रहे हैं। चार चरणों के चुनाव और बाकी हैं। भाजपा नेताओं और संगठन को समय रहते ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस तथ्य को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम इंडिया शाइनिंग जैसे हो सकते हैं।

# भारत 2047 तक ऐसे बनेगा विकसित देश...

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा, तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। गौरतलब है कि इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निस्संदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्त्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफेक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं।

भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। निस्संदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है। इस समय देश के वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है।

इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ?ा, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभान्वित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई है। निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहां देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। लेकिन अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ?ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढ?ना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तबदील करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियां चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है। निश्चित रूप से देश को विकसित देश बनाने की संभावनाओं को साकार करने के लिए इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से जून 2024 में गठित होने वाली सरकार स्थिर और मजबूत होना जरूरी है। देश को एक ऐसी प्रभावी और त्वरित प्रशासनिक निर्णय लेकर उन्हें कार्यान्वित करने वाली क्षमतावान सरकार की जरूरत है, जो 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर 8.9 फीसदी सालाना विकास दर प्राप्त करने के लिए मौजूदा प्रति व्यक्ति आय को पांच गुना तक करके 12 हजार डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने, मजबूत आर्थिक सुधारों, अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं व राष्ट्रीय विकास के मूल्यों के साथ विकास का जज्बा पैदा करते हुए देश को रणनीतिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाए।

**-डा. जयंतीलाल भंडारी-(विख्यात अर्थशास्त्री)**

# सुकून और सुंदरता
## का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों-सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो-दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां चिलचिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।
- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियों में हल्का-फुल्का, ढीला-ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी के जन्मदिन की पार्टी- सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।
- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली-उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है) कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना चिलचिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनीफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं- भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नहीं है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी-शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन-अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।



**जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।**

## कैसे शुरू करें बच्चों की
# बेड टाइम ट्रेनिंग



आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी है, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।



# ऐसे करें अपने बच्चे को प्री-स्कूल भेजने की तैयारी

**अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।**

1. अपने बच्चे से प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही है। उनसे उनके व्यहवार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें- जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाए जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरिदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछे कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल है?
5. उन्हें स्कूल छोडने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहे, उनसे समय-समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेंगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती है, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछे कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।

**लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।**



## पछताना छोड़ें
# खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम-से-कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

### बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम-काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

### वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी-न-कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

### शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

### कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी-कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी-कभी हमारी इमेज ही लेट-लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी-कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

### खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे-धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी-कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।

## बहुचर्चित इंटरनेशनल गोल्ड तस्कर जीतू सोनी... आखिरकार डीआरआई के कब्जे में

जयपुर। बहुचर्चित इंटरनेशनल गोल्ड तस्कर जीतू सोनी उर्फ जितेन्द्र सोनी आखिरकार पकड़ा गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने जीतू को धरदबोचा है। तस्कर जीतू सोनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोस्ट वांटेड था। जीतू अब तक करीब 175 करोड़ रुपये के 250 किलो सोने की तस्करी कर चुका है। जीतू सोनी दुबई, मस्कट, रियाद और शारजहां जैसे खाड़ी देशों से सोने की तस्करी करता है। तस्करी के इस सोने को जीतू राजस्थान के शेखावाटी के सीकर, झुंझुनूं और फतेहपुर सहित जयपुर और मारवाड़ में खपाता है। जितेंद्र सोनी मूलतः सीकर का रहने वाला है। डीआरआई ने जीतू को पकड़ने के लिए विशेष ऑपरेशन चलाया था। जीतू की गिरफ्तारी डीआरआई के लिए बड़ी कामयाबी है। जीतू काफी समय से सोना तस्करी में सक्रिय है। वह लंबे समय से खुफिया एजेंसियों की रडार पर था। जांच के मुताबिक जीतू अन्य तस्करों के साथ मिलकर लगभग 150 करोड़ रुपये की कीमत के 250 किलो से ज्यादा सोने की तस्करी करवा चुका है। वह दुबई, मस्कट, शारजाह और रियाद जैसे अलग अलग खाड़ी देशों की तस्करी की सिंडिकेट में शामिल तस्करों से सोना खरीदता है। उसके बाद वह उस सोने को ज्वेलर्स को बेच देता है। जांच में सामने आया की सोना तस्कर जीतू सोनी की ओर से संचालित सिंडिकेट के सदस्यों द्वारा सीकर, चूरू और नागौर के गरीब मजदूरों को लालच देकर उन्हें कैरियर के रूप में इस्तेमाल करता है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से मलाशय में पेस्ट बनाकर या विभिन्न खुफिया तरीके से गोल्ड छिपाकर इंडिया लाया जाता है।

## दिल्ली के बाद अहमदाबाद के 6 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी के बाद अब अहमदाबाद में खलबली मच गई है। अहमदाबाद के आठ स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिसमें बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि एक रूसी हैंडलर द्वारा ही यह धमकी भरा मेल आया है। फिलहाल, अभी तक पुलिस की टीम को कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। अहमदाबाद प्रशासन ने अभिभावकों से पैनिक न होने की अपील कर कहा है कि खतरे की कोई बात नहीं है। बम निरोधी दस्ता भी मौके पर मौजूद है। अहमदाबाद पुलिस ने कहा, 'अहमदाबाद में कुछ स्कूलों को ईमेल से बम विस्फोट की धमकी मिली है। अब तक छह स्कूलों ने इसतरह के ईमेल मिले हैं और उन्होंने हमें इस बारे में सूचित कर दिया है, यह कुछ दिन पहले दिल्ली के स्कूलों को मिली इसी तरह की धमकी जैसा मामला लगता है। उन्होंने कहा, 'हमारी प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। बता दें कि गुजरात की 25 लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को मतदान होना है। बता दें कि इसी पैटर्न पर दिल्ली के स्कूलों को भी ईमेल मिले थे, जिसमें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हालांकि, यह बाद में फर्जी साबित हुआ।

## के.कविता और सिसोदिया की याचिका खारिज.... अदालत ने कहा अभी राहत देना सही नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में आप नेता मनीष सिसोदिया के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। इन मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। सीबीआई और ईडी अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिकाएं खारिज कर कहा कि इस स्तर पर राहत देना सही नहीं है। कविता ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद में कविता (46) के बंजारा हिल्स स्थित आवास से उन्हें गिरफ्तार किया था और वह मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।



सीबीआई ने उन्हें न्यायिक हिरासत से गिरफ्तार किया था। कविता पर दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल होने का आरोप था। कविता और अन्य के खिलाफ मामला 2022 में शुरू हुआ था, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली में थोक और खुदरा शराब व्यापार के एकाधिकार और कार्टेलाइजेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में हेरफेर किया गया था।

## अमेरिका में भारतीय छात्रों को नहीं मिल रही है इंटर्नशिप

### -विदेश की पढ़ाई महंगी हुई, नौकरी और नागरिकता भी अधर में

नई दिल्ली। भारत से अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों की पढ़ाई बहुत महंगी हो गई है। भारतीय छात्रों को अमेरिका में अब इंटर्नशिप भी नहीं मिल पा रही है। अमेरिका में बेरोजगारी बढ़ने, वैश्विक आर्थिक मंदी के चलते अब भारतीय छात्रों को वहां पर इंटर्नशिप नहीं मिल पा रही है। अमेरिका में महंगाई बढ़ने के कारण भारतीय छात्रों को वहां रहने और खाने-पीने का भी खर्च पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। नौकरी में भी स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है जिसके कारण भारतीय छात्रों की मुसीबतें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। हार्वर्ड एवं येल यूनिवर्सिटी जैसे 8 आईवी लीग कॉलेजों के साथ अमेरिका की टॉप यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। भारतीय युवा विदेश में नौकरी करना चाहते हैं। इस समय अमेरिका में 3 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। भारतीय छात्र अमेरिका ब्रिटेन और कनाडा में बड़ी संख्या में जा रहे हैं। भारतीय छात्र विदेश में नौकरी के बेहतर अवसर, अच्छा वेतन, अच्छा अनुभव, क्वालिटी लाइफ, विदेशी नागरिकता और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विदेश में पढ़ाई करके वहीं नौकरी करना चाहते हैं। वहीं के नागरिक बनना चाहते हैं। अमेरिका और ब्रिटेन में अब भारतीय छात्रों को जिस तरह की सुविधा पहले मिल रही थी। अब वह नहीं मिल पा रही है। वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी के कारण छात्रों को पार्ट टाइम काम भी नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण अमेरिका ब्रिटेन में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन भारतीय छात्रों के पसंदीदा देश है। लंदन भारतीय छात्रों की शीर्ष प्राथमिकता में है। लेकिन पिछले कुछ महीनो में यहां की स्थिति भी भारतीय छात्रों के अनुकूल नहीं रही।

## सेना ने जारी किए दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच

### -जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पिछले हफ्ते पुंछ में आईएएफ के वाहन पर हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। सुरक्षा बलों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। पुंछ में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया, इसमें भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की घात लगाकर हुए हमले में मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए।

हमले के बाद से सशस्त्र बल शाहसितार इलाके में बड़ा तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सशस्त्र बुलेटप्रूफ वाहनों और डॉग स्क्वॉड को लगाया है। अतिरिक्त महानिदेशक ने कहा कि 16 कोर के कोर कमांडर और एडीजी जम्मू जोन आनंद जैन ने जीओसी रोमियो फोर्स, आईजीपी सीआरपीएफ और डीआइजी आरपी रेंज के साथ सोमवार को इलाके का दौरा किया और चल रहे बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान की निगरानी की। कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।

विक्की पहाड़े अपनी बहन की शादी के लिए लंबी छुट्टी के बाद, मौत से 15 दिन पहले काम पर शामिल हुए थे। वे जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। पहाड़े मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के नोनिया करबल इलाके के रहने वाले थे। वह 2011 में आईएएफ में शामिल हुए। उनके परिवार में उनकी पत्नी रीना और बेटा हार्दिक हैं।

# प्रज्वल के सेक्स टेप ने बदल दी कर्नाटक चुनाव की तस्वीर

### लिंगायत बेल्ट में भाजपा को हो सकता है भारी नुकसान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** उत्तर कर्नाटक की 14 सीटों पर मतदान होना है। इसे लिंगायत समुदाय का गढ़ माना जाता है। यहां के लोगों ने अपमान का बदला लेने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया है। राज्य में इस समुदाय की हिस्सेदारी 17 फ़ीसदी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी ने जीती थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की 28 सीटों में से 25 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी।



2024 के लोकसभा चुनाव में प्रज्वल के सेक्स टेप ने स्थिति को बुरी तरह से प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने लव जिहाद को बड़ा मुद्दा बनाया है। नाराज लिंगायत नेताओं को भी मानने की बहुत कोशिश की गई है।इसके बाद भी भाजपा के लिए यह चुनाव आसान नहीं रहा।

कांग्रेस अपनी पांच गारंटी के बलबूते लिंगायत समुदाय को साधने की कोशिश कर रही है।भाजपा के नेता ही भाजपा के लिए मुसीबत बनकर सामने आ रहे हैं। भाजपा ने इस बार कर्नाटक के 12 सांसदों के टिकट काट दिए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद भी इसी क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इस चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा नुकसान प्रज्वल के सेक्स टेप से होने जा रहा है।

कर्नाटक में 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 2, भाजपा को 12 सीट प्राप्त हुई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास तीन और भाजपा के पास 11 सीट थी 2019 के चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट पर विजय प्राप्त नहीं हुई थी। सभी 14 सीट भाजपा ने जीती थी। इस बार भी भाजपा ने इस क्षेत्र में चुनाव के लिए भारी मेहनत की थी। प्रज्वल के सेक्स टेप ने यहां पर भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। भारतीय जनता पार्टी को जनता दल के साथ गठबंधन करने का फायदा कम, नुकसान ज्यादा होते हुए दिख रहा है।

## उद्धव को झटका, नासिक जिला प्रमुख अब शिंदे के साथ



नासिक। महाराष्ट्र की राजनीति में कभी शिवसेना की तूती बोलती थी। आज दो हिस्सों में बंटने इस पार्टी का दबदबा कम होने लगा है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) को होता दिखाई दे रहा है। कई नेताओं ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया है। अब पार्टी के नासिक जिला प्रमुख विजय करंजकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। जानकारी के मुताबिक, विजय करंजकर को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने टिकट देने से इनकार कर दिया था, इसलिए वो शिंदे गुट के साथ चले गए। नासिक में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस बीच, तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। महाराष्ट्र में जिन सीटों पर 7 मई को मतदान होगा उनमें बारामती, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हटकनंगले शामिल हैं। करंजकर लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हुए। शिंदे सेना ने नासिक से मौजूदा सांसद हेमंत गोडसे को फिर से उम्मीदवार बनाया है। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई है।

# प्रियंका ने संभाली रायबरेली-अमेठी की कमान, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को बनाया गया पर्यवेक्षक

**लखनऊ।(एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी अमेठी और रायबरेली की सीट हर हाल में अपने पास बनाए रखना चाहती है। इसके लिए दोनों ही सीटों पर प्रियंका गांधी अपनी 40 सदस्यीय टीम के साथ काम पर लगी हुई हैं। इसके तहत वह घर-घर में दस्तक देंगी और नुक्कड़ सभाएं करेंगी। वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा सीट पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली सीट की जिम्मेदारी देते हुए पर्यवेक्षक तैनात किया है। रायबरेली सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी हैं जबकि अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। लंबे समय तक चली रस्साकशी के बाद गांधी परिवार ने अंतिम दिन रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया था। नामांकन के वक्त सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा ने भी राहुल के नामांकन में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दिया था। इन दोनों सीटों की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। पार्टी की ओर से अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रियंका गांधी की 40 सदस्यी टीम रायबरेली पहुंच गई है। यह टीम प्रियंका के चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रही।




सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाएंगी। इसके लिए प्रदेशभर से डाटा इकट्ठा किए गए हैं। वह करीब ढाई सौ नुक्कड़ सभा करेंगी। इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे भी होंगे और मंच पर मौजूद लोगों को सामाजिक समीकरण की दृष्टि से रखा जाएगा। सूत्रों का यह भी दावा है कि टीम की ओर से तैयार किए गए रोडमैप के तहत वह कुछ इलाके में घर-घर जनसंपर्क करेंगी। इस बीच स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों और दशकों से गांधी परिवार के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले लोगों के घर तक जाएंगी। उनके ठहरने के लिए रायबरेली के एक गेस्ट हाउस में इंतजाम किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक प्रियंका रायबरेली और अमेठी के बूथवार निगरानी करेंगी। इसके लिए पार्टी की ओर से उनकी टीम को दोनों लोकसभा क्षेत्र की कमेटियों की सूची रविवार को सौंप दी गई है। प्रदेश मुख्यालय से सभी कमेटियों को अलर्ट रहने का भी संदेश दिया गया है। वह सोशल मीडिया अभियान पर भी नज़र रखेंगी। उनकी टीम में कई ऐसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो फ़ेसबुक, ट्विटर, इंट्राग्राम और व्हाट्स एप पर नजर रखते हुए उनके संचालन के लिए रणनीति तैयार करेंगे। यह रणनीति प्रियंका गांधी के निर्देश के तहत बनेगी। चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी अलग-अलग संगठनों के लोगों से संवाद करेंगी। इसके लिए रायबरेली और अमेठी के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सूची भी इकट्ठा की गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी रायबरेली से ही अन्य राज्यों में कुछ समय के लिए चुनाव प्रचार के लिए जा सकती हैं। वह यहां से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जैसे नेताओं के निरंतर संपर्क में रहते हुए चुनाव अभियान का संचालन करेंगी।

पार्टी के रणनीतिकारों की मानें तो प्रियंका गांधी के रायबरेली में रुकने की कई वजह है। वह यहां रुककर रिश्तों की दुहाई देंगी और इसके जरिए सियासी धार को मजबूत करेंगी। ऐतिहासिक तथ्य देखें तो 1952 से 62 तक फिरोज गांधी, 1962 से 1967 तक आरपी सिंह और फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यहां से रिश्ते मजबूत किए। बीच में एक दौर ऐसा भी आया कि पारिवारिक नजदीकी लोगों को रायबरेली की कमान मिली, लेकिन 1999 में सोनिया गांधी ने फिर इस क्षेत्र की कमान संभाल ली।

## महिला पावर में आती है.... तब पुरुषों को दिक्कत होती : कंगना



**देहरादून (एजेंसी)।** मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में राजनीति और अपने फिल्मी करियर से जुड़े तमाम मुद्दों पर बात की। कंगना ने बताया कि हम अक्सर राजनीति को न्यूज में देखते थे लेकिन अब हकीकत से रूबरू हो रहे हैं। कंगना ने बताया कि शुरुआत में मेरे साथ में दिक्कत आई.. शुरू में नए लोगों से मिलना, नए चीजें मिलना था.. धीरे धीरे चीजें समझ में आ रही है।

कंगना ने कहा, आज हिमाचल विधानसभा की राजनीति में आपको महज एक महिला नजर आती हैं। यहां 68 सीटें हैं। जब हमारा 33 प्रतिशत वाला आरक्षण लागू होगा तब यहां महिलाओं की संख्या 22 हो जाएगी, वहां बहुत बड़ी संख्या होगी। लेकिन अभी एक है और वहां भी बहुत बड़े राजनेता की पत्नी, एक रानी, एक प्रोटेक्टिव वातावरण में रहने वाली महिला है। कंगना ने कहा, जब महिला पावर की पोजिशन पर आती हैं, तब पुरुषों को अक्सर क्यों दिक्कत होती है? मुझे लगता है कि महिला को अक्सर माता के रूप में जो आपमें कुछ बुरा देखती ही नहीं है, के रूप में देखा जाता है...या बहन देखी होती है जो हमेशा आपको सपोर्ट करती हैं, या पत्नी, जो हमेशा आपको कंफर्ट करती है... लेकिन जब एक महिला एक बॉस के रूप में आपके सामने होती है, चाहे वहां किसी कॉरपोरेट कंपनी की सीईओ हो या आपकी कलीग हो, या राजनीति में हो, तब आपको लगता है कि यहां कुछ गलत है। कुछ गलत हो रहा है क्योंकि आपको लगता है कि महिला का अलग रोल है।

परिवारवाद पर कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि परिवावारवाद को हमने केवल फिल्मों और राजनीति तक सीमित कर दिया है लेकिन इस हमें इसके इतर भी देखना चाहि। यह कई जगह पर है... आज पूरा मंडी मेरा परिवार है।

## मायावती पर अपमानजनक बयान... शिवपाल यादव के खिलाफ मामला दर्ज

**लखनऊ (एजेंसी)।**उत्तर प्रदेश पुलिस ने कहा कि बसपा प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के लिए समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि बसपा नेता राम प्रकाश त्यागी की शिकायत पर शिवपाल के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई।

शिवपाल के बेटे आदित्य यादव बदायूं से सपा के उम्मीदवार हैं, जहां मंगलवार को मतदान होगा। अपनी शिकायत में, त्यागी ने आरोप लगाया कि 3 मई को उन्होंने एक वीडियो देखा जिसमें सपा नेता यादव ने मायावती के खिलाफ अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। त्यागी ने राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से मामले का संज्ञान लेने का आग्रह किया। लोकसभा चुनाव 2024 में बदायूं लोकसभा सीट पर एनडीए, इंडिया ब्लॉक और बीएसपी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। बीजेपी ने अपनी मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य की जगह दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला शिवपाल के बेटे और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आदित्य यादव और बीएसपी के मुस्लिम खान से है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## दिल्ली में गर्मी का सितम शुरू, 41 के पार पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस सीजन में रविवार दिल्ली का सबसे गरम दिन रहा। 5 मई को यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राष्ट्रीय राजधानी में इस गर्मी में अब तक दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान था। देश की राजधानी दिल्ली में अब मई वाली गर्मी शुरू हो गई है और फिलहाल इस मौसम में किसी राहत के कोई आसार नहीं हैं। आईएमडी ने अभी लू पर कोई अपडेट नहीं दिया है लेकिन अब गर्म हवाओं का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो बिहार, ओडिशा, विदर्भ, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, रायलसीमा, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भीषण लू की चेतावनी जारी की गई है। वहीं गंगीय पश्चिम बंगाल में आंधी के साथ भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा असम और मेघालय में भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने की उम्मीद है।



मई के महीने में गर्मी की तपिश इतनी बढ़ गई है कि लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि, देश के कुछ हिस्सों में बारिश होने से मौसम में नरमी बनी हुई है। लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में गर्मी का सितम शुरू हो गया है। दिल्ली में 8 मई तक आसमान साफ रहेगा यानी चिलचिलाती धूप परेशान करेगी और पारा 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। 9 मई को राजधानी में बारिश होने के आसार जताए गए हैं लेकिन ये मामूली बारिश होगी। आईएमडी के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। गंगीय पश्चिम बंगाल में 7 और 8 मई को छिटपुट भारी वर्षा हो सकती है, जबकि 7 और 10 मई के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 9 मई तक ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, विदर्भ, दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, झारखंड और तमिलनाडु में 1 या 2 स्थानों पर लू की स्थिति संभव है।

# चीन से बातचीत डिसइंगेजमेंट की नहीं पेट्रोलिंग को लेकर है: जयशंकर

### – अब तक हो चुके हैं 7 करोड़ से ज्यादा बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेटा के स्वामित्व वाली कंपनी व्हाट्सऐप ने अपनी मंथली पोस्ट करते हुए लिखा कि +91 से शुरू होने वाले 7 करोड़ से ज्यादा मोबाइल नंबर को व्हाट्सऐप से बैन कर दिया गया है। दुनिया के चौथे सबसे अमीर उद्योगपति मार्क जुकरबर्ग की कंपनी व्हाट्सऐप ने बताया कि उसने 1 जनवरी से लेकर 31 मार्च 2024 के बीच 7,954,000 अकाउंट को बैन कर दिया है।

इनमें से 1,43,000 अकाउंट को यूजर्स की तरफ से कोई रिपोर्ट मिलने से पहले ही सक्रिय रूप से बैन कर दिया गया। जनवरी 2024 में जारी मंथली रिपोर्ट में बताया गया था कि व्हाट्सऐप ने 1 जनवरी 2023 से लेकर 31 नवंबर 2023 तक कुल 69,307,254 अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया था। दिसंबर के आंकड़ों वाली एक और रिपोर्ट आने का अभी इंतजार है। सोशल मीडिया कंपनी का प्रतिबंध करने का यह आंकड़ा 7 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगा। कंपनी ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वह सूचना प्रौद्योगिकी (इंटरमीडिएरी गाइडलाइन्स और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम, 2021 के नियम 4(1)(डी) (आईटी नियम, 2021) का पालन करने के लिए धोखाधड़ी और अवैध टेलीमार्केटिंग की सभी रिपोर्टों की 'सक्रिय रूप से जांच' कर रहा है। इसके अलावा व्हाट्सएप ने शिकायतों के आधार पर कई अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया जो किसी न किसी रूप में कानूनी उल्लंघन कर रहे थे, या व्हाट्सऐप के नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

कंपनी ने कहा कि उसे भारत सरकार की शिकायत अपीलीय समिति से भी कई अकाउंट्स को बैन करने का आदेश मिला, जिसके बाद कंपनी ने उन्हें बैन कर दिया। अगर आपको भी इस बात का डर सता रहा है कि कहीं आपका अकाउंट न बैन कर दिया जाए तो डरने की कोई जरूरत नहीं है। अगर आप व्हाट्सऐप और भारत के आईटी नियमों को फॉलो करते हैं तो आपको इससे कोई समस्या नहीं होने वाली है। आपको नीचे बताई गई कुछ बातों का ध्यान देना होगाव्हाट्सऐप का कहना है कि यह प्लेटफॉर्म प्राइवेट मैसेजिंग ऐप है। यानी आप जिसे पहले से जानते हैं उनसे ही बातचीत करें। कभी भी आपको कोई ऐसा मैसेज आता है जो संदेहास्पद है तो बिलकुल जवाब न दें। अगर कोई मैसेज करके आपसे पैसे देने का फर्जी वादा करता है, आपको कोई लिंक भेजता है और कहता है कि क्लिक करते ही आपका काम बन जाएगा तो सावधान हो जाइये। ये आपके लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है।



इसके अलावा, अगर आपको किसी अनजाने नंबर से फर्जी वीडियो या वाइस कॉल आती है तो रिसीव करने से बचें। ये फर्जी कालें होती हैं, जो आपको बुरी तरह से परेशान करती हैं। लालच में न पड़ें।अगर आपको ऐसे कोई मैसेज आते हैं तो व्हाट्सऐप पर ब्लॉक करने और रिपोर्ट करने का ऑप्शन होता है। तुरंत उसपर क्लिक करें और रिपोर्ट कर जानकारी दें। रिपोर्ट करते समय कई तरह की विकल्प के जरिये जानकारी मांगी जाती है, आपको जिस तरह का संदेह लगे, उसे रिपोर्ट में जरूर बताएं। आप किसी को मैसेज सेंड करने से पहले उसे वेरिफाई कर लें कि क्या वह सही है। उसमें कितनी सच्चाई है। बहकावे या आवेश में आकर बिलकुल मैसेज सेंड या फॉरवर्ड न करें। इसके अलावा भारत के डिजिटल कानूनों का पालन करें।

# एम्बेसी आरईआईटी कार्यालय स्थल के निर्माण में करेगी 3,800 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।**

एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी अपने मौजूदा कार्यालय परिसरों का निर्माण कार्य पूरा करने अगले चार वर्षों में 3,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रीमियम कार्यस्थल की मांग को देखते हुए यह निवेश किराया खंड का विस्तार करने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) है। इसके पास वर्तमान में बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 3.65 करोड़ वर्ग फुट का पूर्ण कार्यालय स्थान है। एम्बेसी आरईआईटी के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा कि कंपनी का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने खंड का विस्तार करने के लिए कंपनी वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और घरेलू कंपनियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेंगलुरु में 61 लाख वर्ग फुट प्रीमियम कार्यालय स्थान का निर्माण कर रही है। इसके अलावा कंपनी ने प्रायोजक एम्बेसी समूह से 1,269 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एम्बेसी स्प्लेंडिड टेक जोन (ईएसटीजेड), एक ग्रेड-ए बिजनेस पार्क खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल 61 लाख वर्ग फुट ग्रेड ए कार्यालय स्थल का निर्माण कर रहे हैं। यह अगले चार वर्षों में पूरा हो जाएगा। इन कार्यालय भवनों को पूरा करने के लिए लंबित निर्माण लागत करीब 3,800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। कंपनी नियोजित निवेश को मुख्य रूप से ऋण के जरिए वित्तपोषित करेगी।




# आईआईएचएल को आरकैप सौदे पर इरडा की मंजूरी नहीं मिली: हिंदुजा

**मुंबई ।**

आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि उसे रिलायंस कैपिटल के 9,650 करोड़ रुपये के अधिग्रहण के लिए बीमा नियामक इरडा से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।उन्होंने कहा कि आईआईएचएल इस सौदे के लिए नवंबर से ही भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आईआईएचएल को जल्द से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और कहा कि आमतौर पर ऐसी मंजूरी 2-3 महीने में मिल जाती है।हिंदुजा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आईआईएचएल इरडा की मंजूरी के 48 घंटे के भीतर बोली राशि का भुगतान करके सौदा पूरा कर लेगी। आरकैप की 9,650 करोड़ रुपये की खरीद प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की 27 मई की समयसीमा खत्म होने में तीन सप्ताह से कुछ अधिक समय बाकी है। अशोक हिंदुजा ने कहा कि मॉरीशस स्थित आईआईएचएल ने अधिग्रहण के लिए बैंकों के एक समूह से 7,500 करोड़ रुपये का करार किया है। उन्होंने हालांकि धन देने वाले बैंकों के बारे में कोई विवरण देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख बैंक है, जो समय आने पर धन का प्रबंध करेगा। हिंदुजा ने कहा कि 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के बाकी हिस्से का इंतजाम आईआईएचएल करेगी।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज लॉन्च करेगी 30 हजार करोड़ का हाउसिंग प्रोजेक्ट



**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की योजना चालू वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख शहरों में 30,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजनाएं लाने की है। कंपनी के कार्यकारी चेयरपर्सन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि भारी मांग के बीच कंपनी का लक्ष्य बिक्री बुकिंग में 20 प्रतिशत वृद्धि पाने की है। पिरोजशा ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 27,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य दिया है, जो 2023-24 में उच्च आधार से 20 प्रतिशत की वृद्धि है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री बुकिंग 84 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 22,527 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12,232 करोड़ रुपये थी। यह पिछले वित्त वर्ष के लिए किसी भी सूचीबद्ध इकाई द्वारा दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। पिरोजशा ने कहा कि आवास खंड में, खासकर प्रतिष्ठित ब्रांड्स में मांग मजबूत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह (2023-24 वित्तीय वर्ष) कुल मिलाकर एक शानदार वर्ष था, चाहे आप नई परियोजना, बिक्री, ग्राहकों से संग्रह, व्यवसाय विकास, परियोजनाओं की आपूर्ति, नकदी प्रवाह और लाभ को देखें। कारोबार में जिस तरह की गति आ रही है, उसे देखकर हम वास्तव में उत्साहित हैं।

उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में आवास की मांग बनी रहेगी। इस मांग को पूरा करने के लिए पिरोजशा ने कहा कि कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद के बाजारों के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार रखी हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में छह परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# एलआईसी एजेंट ने बुढ़ापे में खड़ी कर दी 23 हजार करोड़ की कंपनी

## - रिटायरमेंट की उम्र में की थी कारोबार की शुरुआत

**नई दिल्ली ।** दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने ढलती उम्र में बड़ी सफलता हासिल की है। ऐसे ही कहानी लक्ष्मण दास मित्तल की है। लक्ष्मण दास सोनालिका ट्रैक्टर्स के फाउंडर हैं। एक समय पर वह एलआईसी के एजेंट हुआ करते थे। उन्होंने अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई थी। रिटायरमेंट की उम्र में उन्होंने कारोबार की शुरुआत की थी। आज देश के टॉप ट्रैक्टर्स के ब्रांड में सोनालिका का नाम शामिल हो चुका है। वह देश के सबसे उम्रदराज अरबपति हैं। लक्ष्मण दास मित्तल की कहानी अनोखी है, उन्होंने लोगों के लिए एक मिसाल कायम की है। लक्ष्मण दास ने दिखा दिया कि सफलता किसी भी उम्र में हासिल की जा सकती है। लक्ष्मण दास मित्तल सोनालिका ग्रुप और सोनालिका ट्रैक्टर्स के चेयरमैन हैं। इनका जन्म 5 अगस्त 1931 को पंजाब के होशियारपुर में हुआ था। इनके पिता हुकुमचंद स्थानीय मंडी में अनाज के डीलर थे, इसलिए उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। उनके पिता उन्हें हमेशा से ही पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद 1955 में लक्ष्मण दास ने एलआईसी एजेंट के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। लक्ष्मण दास शुरू से ही बिजनेस करना चाहते थे। लेकिन बिजनेस के लिए पूंजी की जरूरत होती है। इसके लिए उन्होंने एलआईसी एजेंट के रूप में काम करते हुए अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई। उसी बचत से उन्होंने 1962 में नौकरी करते हुए थ्रेशर मशीन बनाने का काम शुरू किया, लेकिन इसमें वो सफल नहीं सके। उनका यह कारोबार डूब गया और वे दिवालिया हो गए, इस दौरान उनकी नेटवर्थ सिर्फ 1 लाख रुपये रह गई। साल 1996 में लक्ष्मण दास मित्तल ने अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर सोनालिका ट्रैक्टर्स की शुरुआत की थी। लक्ष्मणदास मित्तल की ट्रैक्टर कंपनी का उत्तर भारतीय राज्यों में मजबूत कारोबार है। सोनालिका ग्रुप के 5 प्लांट पांच अलग-अलग देशों में स्थित है। कंपनी 120 से अधिक देशों में ट्रैक्टर निर्यात करती है। फोर्ब्स की लिस्ट में उन्हें अरबपतियों की लिस्ट में शामिल किया गया। उनकी नेटवर्थ 2.5 अरब डॉलर के आस पास है। वर्तमान में सोनालिका समूह का नेटवर्थ करीब 23000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

# थार और जिम्नी को टक्कर देने आ गई 2024 फोर्स गुरखा

## - कंपनी ने 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट किया लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में 2024 फोर्स गुरखा लॉन्च हो गई है जो महिंद्रा की थार और मारुति की जिम्नी को टक्कर देगी। 2024 फोर्स गुरखा का कंपनी ने अपडेटेड 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट लॉन्च किया है। 3-डोर वेरिएंट की कीमत 16.75 लाख रुपए है और नए 5-डोर वेरिएंट की कीमत 18 लाख रुपए एक्स शोरूम है। कंपनी ने 2024 फोर्स गुरखा की बुकिंग शुरू कर दी गई है। ग्राहक इसे 25,000 रुपए टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी मई माह के अंत में शुरू की जाएगी। यह कार महिंद्रा थार और मारुति जिम्नी को टक्कर देगी। फोर्स गुरखा के दोनों वेरिएंट में 2.6-लीटर 4 सिलेंडर डीजल इंजन लगा है, जो 138बीएचपी की पावर और 320एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के जरिए पावर चारों पहियों तक जाती है। 5-डोर वेरिएंट की लंबाई 4,390 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी और ऊंचाई 2,095 मिमी है। इसका व्हीलबेस 2,825 मिमी लंबा है। वहीं 3-डोर वेरिएंट की लंबाई 3,965 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी, ऊंचाई 2,080 मिमी और व्हीलबेस 2,400 मिमी है। 2024 फोर्स गुरखा एसयूवी में साइड टायर (255/65 आर18) पर नए आकर्षक 18 इंच के अलॉय व्हील दिए गए हैं।2024 फोर्स गुरखा बैज के साथ एक नया फ्रंट ग्रिल, एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) के साथ रेट्रो-स्टाइल गोलाकार एलईडी हेडलैंप और बीच में एक छोटे एयर डैम और गोल फॉग लैंप के साथ एक ब्लैक फ्रंट बम्पर दिया गया है। गाड़ी में 9.0-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एप्पल कारप्ले और एंड्राइड ऑटो कनेक्टिविटी, एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग एडजस्ट, रियर कैमरा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो ग्राहक को आरामदायक ड्रायविंग का अनुभव कराएंगे।

# भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणा लियों को जोड़ने पर सहमत

**नई दिल्ली ।**

भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वे छह महीने के भीतर घाना के जीएचआईपीएसएस पर एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के यूपीआई के संचालन की दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं। भारत का यूपीआई पहले ही सिंगापुर और यूएई जैसे देशों तक पहुंच चुका है। इसके लिए नाइजीरिया के साथ भी बातचीत चल रही है।



# सऊदी अरब के एक फैसले से कच्चा तेल हुआ महंगा

**मुंबई ।** सऊदी अरब के एक फैसले के बाद वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल के महंगे होने के आसार बढ़ गए हैं। सोमवार को भी क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दरअसल सऊदी अरब ने ज्यादातर क्षेत्रों के लिए जून में कच्चे तेल की कीमत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके बाद सोमवार को तेल वायदा में तेजी आई और गाजा युद्धविराम समझौते की संभावना भी कम दिखाई दे रही है। इससे यह आशंका फिर से बढ़ गई कि प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष अभी भी बढ़ सकता है। सऊदी अरब के इस तिमाही में ऑयल सप्लाई में कमी के बीच अधिकांश क्षेत्रों के लिए जून ओएसपी बढ़ाने के बाद तेल के दाम ऊपर जाने तय लग रहे हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव सोमवार को उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.31 फीसदी चढ़कर 78.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है जबकि ब्रेंट क्रूड 0.24 फीसदी चढ़कर 83.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सऊदी अरब ने जून में एशिया, उत्तर-पश्चिमी यूरोप और भूमध्य सागर में बेचे जाने वाले अपने कच्चे तेल की आधिकारिक बिक्री कीमतें बढ़ा दीं, जो इस गर्मी में मजबूत मांग की उम्मीद का संकेत है। इसी का असर है कि जियो-पॉलिटिकल टेंशन कम होने पिछले हफ्ते 7.3 फीसदी से थोड़ी ज्यादा गिरावट के बाद, आईसीई ब्रेंट ने मजबूत स्तर पर नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत की है।पिछले हफ्ते दोनों कच्चे तेल के दोनों कॉन्ट्रेक्ट्स में तीन महीने में अपना सबसे बड़ा साप्ताहिक घाटा दर्ज किया था। इसमें ब्रेंट 7 फीसदी से ज्यादा गिर गया और डब्ल्यूटीआई 6.8 फीसदी लुढ़का था।


# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर: पीएमआई

नई दिल्ली । भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया जिसने सामूहिक रूप से सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि को बल दिया। इस बीच एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।

# वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर पांच फीसदी गिरे

**नई दिल्ली ।** वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में सोमवार को पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता के इस्तीफा देने के बाद शेयरों में गिरावट आई। बीएसई पर फिनटेक कंपनी के शेयर 4.99 प्रतिशत गिरकर 351.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह पांच प्रतिशत गिरकर 351.40 रुपये पर आ गया। हाल ही मे एक आधिकारिक बयान में गुप्ता के इस्तीफा देने की जानकारी दी गई थी। वह 31 मई के बाद कंपनी से अलग हो जाएंगे।

# भारत में अनखोजे अवसर हैं, उनकी कंपनी भविष्य में तलाशेगी: वॉरेन बफेट



वाशिंगटन। अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में अनखोजे अवसर हैं, जिन्हें उनके समूह की होल्डिंग कंपनी बर्कशायर हैथवे भविष्य में तलाशना चाहेगी। बफेट की यह टिप्पणी हाल ही में बर्कशायर की वार्षिक बैठक के दौरान आई। भारतीय इक्विटी में निवेश करने वाले अमेरिका स्थित हेज फंड दूरदर्शी एडवाइजर्स के राजीव अग्रवाल ने उनसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत में बर्कशायर की संभावनाओं के बारे में पूछा था। बफेट से कहा कि यह एक बहुत अच्छा सवाल है। मुझे यकीन है कि भारत जैसे देशों में बहुत सारे अवसर हैं। बर्कशायर हैथवे के सह-संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ ने कहा कि हालांकि, सवाल यह है कि क्या हमारे पास भारत में उन व्यवसायों के बारे में कोई बढ़त या अंतर्दृष्टि है या कोई संपर्क है, जो बर्कशायर की भागीदारी के जरिए लेनदेन को संभव बना सके। उन्होंने कहा कि बर्कशायर में अधिक ऊर्जावान प्रबंधन इसे आगे बढ़ा सकता है। बफेट (93) ने कहा कि बर्कशायर की दुनिया भर में बहुत अधिक प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि जापान में उनका अनुभव काफी दिलचस्प रहा है। भारत के बारे में उन्होंने कहा, हो सकता है कि कोई ऐसा अवसर हो, जिसकी खोज न की गई हो या जिस पर ध्यान न दिया गया हो लेकिन ऐसा भविष्य में हो सकता है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

## सेंसेक्स 17.39 अंक ऊपर आया , निफ़्टी 33.15 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को सपाट कारोबार हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक करीब 0.02 फीसदी ऊपर आकर 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी 33.15 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी टूटकर 22,442.70 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर पांच फीसदी ऊपर आये। बैंक के शेयरों में यह तेजी मार्च तिमाही का लाभ फीसदी बढ़ने से आई है। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ पर बंद हुए। वहीं टाइटन का शेयर 7 फीसदी जबकि भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नीचे आये। इसके अलावा अगर दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग सकारात्मक रुख पर बंद हुए जबकि जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाज़ार बंद थे।




यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे और अमेरिका का वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की तेज शुरुआत रही। सुबह बाजार खुलते समय बीएसई का सेंसेक्स 318.53 अंकों की बढ़त के साथ 74,196 पर और निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है। वहीं शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 480 अंक चढ़कर 74,359.69 अंक पर और निफ्टी करीब 113 अंक की बढ़त के साथ 22,588.80 अंक पर पहुंच गया

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड

**नई दिल्ली :** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नजर आने वाली गतिशील वृद्धि का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक न्यू फंड ऑफर (एनएफओ)- एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड की घोषणा की है। निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला यह फंड एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। इस फंड का उद्देश्य निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करना है, जिससे निवेशकों को अग्रणी भारतीय बैंकों की विकास यात्रा में सीधे भाग लेने के लिए एक मैकेनिज्म प्रदान किया जा सके।

एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, हमारे देश की आर्थिक प्रगति के पीछे अनेक कारण हैं और अगर प्रभावी ढंग से प्रगति की इस रफ्तार को समझा जाए, तो हमारी विकास कहानी में देश को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता है। इस पृष्ठभूमि में ही देश का बैंकिंग क्षेत्र विकास और लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखता है। एक मजबूत नियामक ढांचे और डिजिटल बैंकिंग को तेजी से अपनाने से प्रेरित होकर, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में है। एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस विकास अवसर का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इनोवेशन पर जोर देने और उच्चतम शासन मानकों का पालन करने से भी बैंकिंग सेक्टर को बहुत फायदा मिलता है, जिससे भारत के बैंकिंग परिदृश्य को एक नई पहचान देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों का हम लाभ उठा सकते हैं।

श्री कार्तिक कुमार और श्री आशीष नाइक द्वारा प्रबंधित, इस फंड का उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी बैंक टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप व्यय से पहले रिटर्न प्रदान करना है। हालाँकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि योजना का निवेश उद्देश्य प्राप्त होगा।

एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड इस स्कीम के तहत अंतर्निहित इंडेक्स वाले स्टॉक में निवेश किया जाएगा और यह स्कीम बेंचमार्क इंडेक्स को ट्रैक करेगी। योजना के तहत लिक्विडिटी और व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विनियमों के अनुपालन में ऋण और मुद्रा बाजार साधनों में भी निवेश किया जा सकता है। यह योजना अंतर्निहित सूचकांक का हिस्सा बनने वाले शेयरों में यथासंभव सूचकांक के अनुसार उसी अनुपात में निवेश करेगी और उस सीमा तक निष्क्रिय निवेश रणनीति का पालन करेगी, सिवाय लिक्विडिटी और व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने की सीमा तक। अनिवार्य रूप से, फंड निफ्टी बैंक टीआरआई के प्रदर्शन और घटकों को दर्शाने के लिए डिजाइन की गई निष्क्रिय निवेश रणनीति का उपयोग करता है।

# श्रीमद रामायण के माता सीता की खोज में लंका पहुँचे भगवान हनुमान



**मुंबई :** सोनी पर, श्रीमद रामायण आगामी सुंदरकांड अध्याय में, दर्शक भगवान हनुमान की बहादुरी, निष्ठा और बुद्धिमत्ता को देखेंगे क्योंकि वह माता सीता को खोजने और राम का संदेश पहुंचाने के महत्वपूर्ण मिशन पर निकले हैं। सभी मुश्किलों को पार करते हुए, भगवान हनुमान पर्वत देवता - मैनाक पर्वत जैसी विशाल बाधाओं को पार करते हुए अपना सफर जारी रखेंगे, लंका के तट पर पहुंचने तक, जहां होगा रावण के साम्राज्य के पतन निर्भय वाधवा अपने किरदार में कहते हैं, सुंदरकांड अध्याय भगवान राम के प्रति भगवान हनुमान की अटूट भक्ति और उनकी सेवा करने हेतु कोई भी कार्य सिद्ध करने की उनकी इच्छा को दशार्ता है।

# आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में होगा अहम मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। इस मैच में हार से वह मुकाबले से बाहर हो जाएगी। ऐसे में टीम की कड़ी परीक्षा होगी क्योंकि रॉयल्य की टीम अंत तालिका में नंबर एक पर होने के साथ ही शानदार लय में है। उसके पास बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। इस मैच में दिल्ली की संभावनाएं कप्तान कप्तान ऋषभ पंत और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क की बल्लेबाजी पर आधारित रहेगी। इसका कारण है कि ये दोनो ही बल्लेबाज अभी तक जबरदस्त फार्म में हैं। वहीं उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। अभी तक इस सत्र में दिल्ली ने 11 में से पांच मैच जीते और उसके 10 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। ऐसे में उसे अपने बचे हुए तीनों की मैच जीतने होंगे। तभी वह 16 अंक तक पहुंचेगी। इसके बाद भी उसे प्लेआफ में जगह मिले ये तय नहीं है। ऐसे में उसके अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

वहीं दूसरी और रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन, के अलावा जोस बटलर , यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि इन्हें दिल्ली के गेंदबाजों खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा। इसके अलावा अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके दिल्ली के कप्तान पर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। रॉयल्स के पास अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आर अश्विन जैसे गेंदबाज हैं। ,

चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और अच्छा है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है वहीं दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी अच्छा रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार , लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया ने अब तक काफी रन दिये हैं। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।




### टीम

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्स-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# भारतीय महिला और पुरूष रिले टीमों ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




**नासाउ (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया।

रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3ः28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2ः59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

# इस प्रकार प्लेऑफ में पहुंच सकती है आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी) ।** आईपीएल के लीग मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। इस बार पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस अंत तालिका में अंतिम स्थान पर होने के कारण जहां प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) शुरुआती हार के बाद लगातार तीन जीत के साथ ही प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। आरसीबी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को 4 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए हलकी सी संभावनाएं बनाये रखी हैं हालांकि अब भी आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना बेहद कठिन है, इसके लिए उसे अपने बचे हुए सभी मुकाबलों को बड़े अंतर से जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजरें रखनी होंगी।

आरसीबी के फिलहाल 11 मैचों में आठ अंक हैं और उसका नेट-रनरेट अब भी माइनस (-0.049) में है। अगर आरसीबी अपने बाकी तीनों मैच जीत जाती है तो भी वह अधिकतम 14 अंकों तक पहुंच सकती है। आरसीबी को अभी पंजाब किंग्स , दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स से मुकाबले खेलने हैं।

प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी को बाकी के अपनी तीनों मैच जीतने होंगे। साथ ही उसे उम्मीद करनी होगी कि सनराइजर्स हैदराबाद या लखनऊ सुपर जाइंट्स में से कोई एक टीम अपने बचे हुए सभी मैच हार जाये। हैदराबाद के 10 मैचों से 12 और लखनऊ के 11 मैचों से 12 अंक हैं। इसके अलावा आरसीबी को भी ये उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स एक और दिल्ली कैपिटल्स दो से अधिक मैच नहीं जीतें। सीएसके के 11 मैचों से 12 और दिल्ली के 11 मैचों से 10 अंक हैं.

यदि ऐसा होता है पांच टीमें 14-14 अंकों की बराबरी पर आ जाएंगी, जिससे नेट-रनरेट अहम हो आ जाएगा। वैसे आरसीबी 12 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है।. यदि आरसीबी एक मैच हार जाती है तो उसे उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली, चेन्नई, पंजाब, लखनऊ और हैदराबाद 12 से अधिक अंक न हासिल करें, तब जाकर नेट-रनरेट के जरिए प्लेऑफ के लिए फैसला होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष शुक्ला किया सब साफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे।'

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट को अपने यहां आयोजित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में चैंपियंस ट्रॉफी की मैच खेले जाएंगे। अभी टूर्नामेंट के लिए हालांकि तारीखों की घोषणा नहीं हुई है।




## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उसके खिलाफ रणनीति बनाएंगे : बाबर आजम

लाहौर - पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे।' उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं।

# राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या, भाखड़ा नहर में कूदकर दी जान

पटियाला - राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।



# रोहित के नाम है सबसे अधिक टी20 विश्वकप खेलने का रिकार्ड




मुम्बई । आईसीसी टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा एक बार फिर भारतीय टीम की कप्तानी करते नजर आयेंगे। रोहित के नाम इस विश्वकप में एक ऐसा रिकार्ड है जिसके करीब आज तक कोई भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा। यहां तक कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस मामले में पीछे रह गये हैं। रोहित ने सबसे अधिक बार इस टूर्नामेंट में खेला है। वह इस टूर्नामेंट के पहले सत्र से लेकर अब तक सभी विश्व कप में टीम में शामिल रहे हैं। इस प्रकार उनके नाम टी20 विश्व कप में कुल 39 मैच खेलने का रिकॉर्ड हो गया है। वहीं दूसरे नंबर पर 36 मैच खेलने वाले बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन शामिल हैं। ऐसे में शाकिब ही एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो उनका ये रिकार्ड तोड़ सकते हैं। टी20 विश्वकप में खेलने की इस सूची में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो, पाकिस्तान के शाहिद अफीरीद, शोएब मलिक, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल भी शामिल हैं। इन सभी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, वहींराट कोहली ने केवल 27 मुकाबले खेले हैं, इससे वह भी रोहित शर्मा के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाएंगे।

# धोनी के नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने पर भड़के हरभजन

**धर्मशाला (एजेंसी) ।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आने पर नाराजगी जतायी है। हरभजन ने कहा कि धोनी को अगर इस नंबर पर आना था तो उन्हें खेलना ही नहीं चाहिये था। धोनी टी20 करियर में पहली बार नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पर वह खाता खोल बिना ही आउट गये। इसी को लेकर हरभजन हरभजन ने कहा कि ऐसे में उन्हें अपनी जगह किसी तेज गेंदबाज हो अवसर देना चाहिये था। साथ ही कहा कि सीएसके इस मैच में जीती पर धोनी के फैसले से लोग निराश हुए।

भज्जी ने कहा कि धोनी ने अपने से पहले शार्दुल ठाकुर को भेजा पर सभी जानते हैं कि शार्दुल धोनी की तरह तेज नहीं खेल सकते। इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि धोनी ने ऐसा क्यों किया। धोनी की सहमति के बिना कुछ नहीं होता और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि किसी ने उन्हें मजूबर किया। वहीं इस मैच में पंजाब किंग्स पर जीत से सीएसके अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। जीत से उत्साहित टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह की प्रशंसा की है।



# टी-20 विश्व कप के बाद एमएलसी में खेलेंगे हेड




मुम्बई । भारत में अभी आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप के बाद अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को खत्म होगा। इसके बाद सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड ने आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अब तक शानदार प्रदर्शन किया है , इससे टी-20 प्रारुप में उनकी मांग भी बढ़ी है। हेड का कहना है कि उनका खेल से ब्रेक लेने का कोई इरादा नहीं है। वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलने के लिए टीम से जुड़ेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। पोंटिंग भी अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। ) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

**बहामास (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने यहां बहामास में जारी विश्व एथलेटिक्स रिले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इसमें भारतीय महिला टीम दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष टीम भी अपनी दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर आई। इससे दोनो की टीमों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इसमें महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट और 29.35 सेकंड का समय निकाला और वह दूसरे स्थान पर आई जबकि जमैका की टीम 3.28.54 के साथ पहले स्थान पर रही।

इसके अलावा पुरुषों की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की टीम 3 मिनट और 3.23 सेकेंड का समय निकालकर अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिकी पुरुष टीम 2ः59.9 का समय निकालकर पहले स्थान पर रही।

वहीं इससे पहले भारतीय महिला टीम पहले दौर की क्वालिफाइंग हीट में 3 मिनट और 29.74 सेकेंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी जबकि पुरुष टीम पहले हीट में राजेश रमेश के बीच में हटने के कारण क्वालिफाइंग नहीं कर पाई थी।



# टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी, त्रिनिदाद के पीएम का खुलासा

**पोर्ट आफ स्पेन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने 'त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा, 'यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है।'


उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिए यह धमकी दी है। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है।' इसने कहा, 'हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।'

रोले ने कहा, 'किसी भी जोखिम से निपटने के लिए स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हम मुस्तैद हैं। हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर कई खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और अकेले या साथ में हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर आबादी की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज में सभी छह आयोजन स्थलों की पूरे टूर्नामेंट के दौरान कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई सेंध नहीं मार सके।

वेस्टइंडीज में विश्व कप मैच एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, गयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो में खेले जाएंगे। अमेरिका में मैच फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और टैक्सास में होंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि विश्व कप की फुलप्रूफ सुरक्षा के पूरे उपाय किये जा रहे हैं । क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं और टूर्नामेंट की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी हितधारकों को टी20 विश्व कप की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करना चाहते हैं। हमने व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना बनाई है।'



# लखनऊ की हार से राजस्थान को झटका, केकेआर अंक तालिका में टॉप पर



स्पोर्ट्स डेस्क - कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 98 रन से जीत दर्ज करके आईपीएल 2024 अंक तालिका में पहले स्थान पर जगह बनाई। 236 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ को हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती के तीन विकेटों की बदौलत 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। शुरुआत में सुनील नारायण की 39 गेंदों पर 81 रनों की दमदार पारी की बदौलत केकेआर ने 20 ओवरों में 235/6 का स्कोर बनाया। इस बीच लखनई के लिए नवीन-उल-हक ने तीन विकेट लिए। केकेआर 11 मैचों में 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (16) है, जिसके पास भी समान अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (12) तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद (12) चौथे स्थान पर हैं। लखनऊ 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। छठे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स (10) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (8) सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स (8) आठवें, गुजरात टाइटंस (8) नौवें और मुंबई इंडियंस (10) दस टीमों की तालिका में सबसे नीचे हैं।

## ब्राजील में बाढ़ से 75 लोगों की मौत, कई लापता



ब्राजीलिया। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांड डो सुल में भारी बारिश से आई बाढ़ में पिछले सात दिन में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है और 103 लापता हैं। बाढ़ से सड़क और पुल भी ढह गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ से हुई घटनाओं में कम से कम 155 लोग घायल हुए हैं, जबकि 88 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए है। करीब 16 हजार लोगों ने स्कूलों, व्यायामशालाओं और अन्य जगहों पर शरण ली है। बाढ़ से राज्य में जगह-जगह भूस्खलन, सड़कें बहने और पुलों के ढह जाने की भी खबरें मिली हैं। बताया जा रहा है बाढ़ से आठ लाख से ज्यादा लोग बिना पानी के रहने को मजबूर हैं। गवर्नर एडुअर्डो लीते ने कहा कि मैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि तबाही का यह मंजर बहुत ही खतरनाक है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि राज्य को पुनर्निर्माण के लिए एक तरह के 'मार्शल प्लान' की जरूरत होगी।'' राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डि सिल्वा ने दूसरी बार राज्य का दौरा किया।

## महिला सांसद को नशीली दवा पिलाकर किया यौन उत्पीड़न

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की महिला सांसद ने आरोप लगाया है कि नाइट आउट के दौरान पहले उसे कुछ नशीला पदार्थ पिलाया गया। इसके बाद उसका यौन उत्पीड़न किया गया। क्वींसलैंड लेबर पार्टी की सांसद ब्रिटनी लाउगा ने कहा कि मध्य क्वींसलैंड शहर येपून में जब वह नाइट आउट के लिए निकली थी, उसी दौरान यह हादसा उनके साथ हुआ है। उन्होंने सुबह-सुबह पुलस में इसकी शिकायत कराई है। अस्पताल में टेस्ट के दौरान मेरे शरीर में ऐसी दवाइयों की पुष्टि हुई है, जिसका कि मैंने सेवन नहीं किया था। सांसद ने कहा कि उनके द्वारा अपनी आपबीती साझा करने के बाद शहर की कई महिलाएं उनके पास पहुंची, जिन्होंने ऐसी घटनाओं का सामना किया था। उन्होंने कहा, यह किसी के साथ भी हो सकता था। हम में से कई लोगों के साथ होता है। यह ठीक नहीं है। हमें नशे या हमले के जोखिम के बिना अपने शहर में सामाजिक मेलजोल का आनंद लेने में सक्षम होना चाहिए ।उन्होंने आगे कहा, मेरे समर्थन में आगे आने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं। मैं वास्तव में आपके विचारशील संदेशों को महत्व देती हूं। यदि आपके पास कोई जानकारी है जो जांच में सहायता कर सकती है, तो कृपया पुलिस को बताएं।

## स्कूली छात्रों के पास वो सूची मिली जिसमें लिखा था ये लड़कियां रेप के लायक नहीं

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित एक बड़े स्कूल में स्कूली छात्रों की बनाई लिस्ट से हंगामा मच गया है। खबर है कि लिस्ट में छात्राओं के नाम शामिल किए गए थे और उन्हें बलात्कार नहीं करने लायक या क्यूटी जैसे अपमानजनक वर्गों में बांटा गया था। शीट के सामने आने के बाद से ही खलबली है। स्कूल प्रशासन ने पैरेंट्स के साथ आपातकाल बैठक भी की है। स्प्रेडशीट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिसकॉर्ड पर वायरल हो गई थी। इसके बाद से ही विवाद ने तूल पकड़ लिया था। कहा जा रहा है कि लिस्ट को 11 छात्रों ने मिलकर तैयार किया था। खबर लगते ही स्कूल में बैठक हुई लिस्ट में शामिल छात्रों के पैरेंट्स को बुलाया गया। बैठक में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर मार्क मैरी भी शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार बातचीत में डॉक्टर मैरी ने कहा, मेरी पहली प्रतिक्रिया थी कि ये बहुत डरावना है कि ऐसी क्रूर चीज भी की जा सकती है और हमारे किसी भी छात्र के प्रति ऐसा अपमानजनक रवैया रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, मेरी प्राथमिकता युवतियों को लेकर है, जिन्हें निशाना बनाया गया है। यह मेरी पहली चिंता है। साथ ही मुझे उन लोगों को भी जिम्मेदार ठहराना है, जिन्होंने ये किया है ।ऑस्ट्रेलियाई वेबसाइट के अनुसार, यारा वैली ग्रामर के चार छात्रों के सस्पेंड किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक स्प्रेडशीट सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। लिस्ट में छात्राओं को अपमानजनक तरीके से शामिल किय गया था। खबर है कि छात्राओं के नामों को वाइफ़ीज, क्यूटीज और बलात्कार नहीं करने लायक जैसे लिस्ट में लिखा गया था।

## अंतरिक्ष यात्रियों को दी जाएगी 'मौत की दीवार' पर ट्रेनिंग, चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट रह सकेंगे सेहतमंद

वॉशिंगटन । चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को 'मौत की दीवार' पर ट्रेनिंग दी जाएगी जो उन्हें कमजोर स्थिति में चंद्रमा पर जाने से रोकेगी। आपने मेले में ऐसा 'कुआं' देखा होगा जो एक बड़ी बेलनाकार संचरना होती है जिसमें गोल खड़ी दीवार पर मोटरसाइकल या कार चलाई जाती हैं। इसी दीवार को मौत की दीवार कहते हैं। मालूम हो कि चंद्रमा की सतह पर लंबे समय तक समय बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए अतिरिक्त तकनीक की आवश्यकता होगी। ऐसा करने का एक तरीका अंतरिक्ष यात्रियों को गतिशील रखने के लिए एक विशाल दीवार की संरचना करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस दुनिया से बाहर जाने वाले खोजकर्ता ज्यादा कमजोर न हो जाएं, इस संरचना का उपयोग अंतरिक्ष यात्रियों की फिटनेस को बनाए रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि वे कभी न खत्म होने वाली दीवार के साथ दौड़ेंगे। मिलान विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर अल्बर्टो मिनेटी हैरान हैं कि अंतरिक्ष यात्री टीमों ने अभी तक चंद्रमा पर शारीरिक गतिविधि बनाए रखने की योजना पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरत है कि पहले किसी को यह विचार नहीं आया था। यह चंद्रमा पर प्रशिक्षण का एक सुविधाजनक तरीका हो सकता है। दीवार का मतलब है कि पृथ्वी पर वापस आने वाले वैज्ञानिक एक आदर्श अंतरिक्ष यान पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को फिट रखने के लिए लगातार चलती दीवार की आवश्यकता नहीं होती है। पृथ्वी पर वॉल ऑफ डेथ के परीक्षणों से पता चला है कि उपकरण का उपयोग करते समय अंतरिक्ष यात्रियों को सीधा रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन कम गुरुत्वाकर्षण में उन्हें 8 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हुए देखना चाहिए और गिरने का खतरा नहीं होना चाहिए। अंतरिक्ष यात्रियों को स्वस्थ स्थिति में रखने के लिए 'कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण' का उपयोग करने का मतलब होगा कि चंद्रमा स्थित नासा के सदस्यों की हड्डियां स्वस्थ होंगी और मांसपेशियों की ताकत बनी रहेगी। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में न्यूरोमस्कुलोस्केलेटल पुनर्वास की प्रोफेसर मारिया स्टोक्स ने मौत की दीवार के उपयोग के फायदों की पुष्टि की।

## नागप्पट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा 13 मई से फिर होगी शुरु

कोलंबो। भारत में तमिलनाडु के नागप्पट्टिनम और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना जिले के कांकेसंथुराई (केकेएस) शहर के बीच यात्रियों के लिए नौका सेवा 13 मई से फिर से शुरू होगी है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। लगभग 40 वर्षों के बाद पिछले साल अक्टूबर में शुरू की गई यह सेवा खराब मौसम के कारण कुछ दिनों बाद ही बंद कर दी गई थी। उच्चायोग ने कहा, ''जुलाई 2023 में श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान संयुक्त रूप से अपनाए गए आर्थिक साझेदारी के दृष्टिकोण में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संपर्क को मजबूत करना एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। नौका सेवा की बहाली भारत सरकार की जनकेंद्रित नीतियों की पुष्टि करती है।''

पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ भारत की भविष्य की योजनाओं में बिजली ग्रिड को आपस में जोड़ना, बहुउद्देशीय पाइपलाइन और भू-संपर्क के लिए आर्थिक गलियारा स्थापित करना शामिल हैं। भारत ने कांकेसंथुराई बंदरगाह के पुनर्वास के लिए श्रीलंका को 6.36 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता भी बढ़ा दी है। श्रीलंका के कांकेसंथुराई (केकेएस) बंदरगाह करीब 16 एकड़ में फैला हुआ है और यह पुदुचेरी के कराईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है।




ब्राजील की बाढ़ की ड्रोन से ली हुई तस्वीर, इस दौरान पोर्टो एलीग्रे से लोगों का निकाला गया।

## जोस राउल मुलीनो का पनामा का राष्ट्रपति बनना तय!



पनामा सिटी,(ईएमएस)। पनामा के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति रिकार्डो मार्टिनेली के स्थान पर आखिर वक्त में चुनाव मैदान उतारे गए जोस राउल मुलीनो का मध्य अमेरिकी देश पनामा का राष्ट्रपति बनना लगभग तय है। अधिकारियों ने रविवार रात तक 88 फीसदी मतों की गिनती के साथ अनौपचारिक नतीजों की घोषणा की। पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलीनो (64) के पक्ष में 35 फीसदी वोट पड़े जिससे उन्हें अन्य उम्मीदवारों पर नौ अंकों की बढ़त हासिल हुई है। पनामा में जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं वह चुनावों में विजेता घोषित होता है। तेजतर्रार पूर्व नेता मार्टिनेली को धनशोधन के मामले में दस साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था जिसके बाद मुलीनो को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया। पनामा के इतिहास में अब तक के सर्वाधिक उथल-पुथल वाले चुनाव के बाद मुलीनो का देश का नया नेता बनना लगभग तय माना जा रहा है। उनके सामने अर्थव्यवस्था में मंदी, विस्थापन, पनामा नहर में परिवहन को बाधित कर रहा सूखा और पिछले साल बड़े पैमाने पर हुए खनन विरोधी प्रदर्शनों के बाद आर्थिक परिणामों की चुनौती होगी।

# गाजा विरोध प्रदर्शन के कारण ग्रेजुएशन सेरेमनी किया रद्द, कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने लिया फैसला



(एजेंसी)। कोलंबिया विश्वविद्यालय ने सोमवार को फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद छोटे, स्कूल-आधारित कार्यक्रमों के पक्ष में अपने विश्वविद्यालय-व्यापी स्नातक समारोह को रद्द कर दिया, जिसने विश्वविद्यालय परिसर को हिलाकर रख दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, 15 मई को होने वाला ग्रेजुएशन समारोह फ़िलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शन के कारण रद्द कर दिया गया है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने एक बयान में कहा, ÷हमने अपनी प्रारंभिक गतिविधियों का केंद्रबिंदु अपने कक्षा दिवसों और स्कूल-स्तरीय समारोहों को बनाने का फैसला किया है, जहां छात्रों को 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय-व्यापी समारोह के बजाय उनके साथियों के साथ व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाता है।

विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने स्नातक स्तर की पढ़ाई को कैसे संभालना है, यह तय करने के लिए छात्र नेताओं से परामर्श किया था। अधिकांश समारोह, जो मॉर्निंगसाइड हाइट्स परिसर में होने वाले थे, जहां अधिकांश विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य एथलेटिक परिसर में ले जाया जाएगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन कुछ दिनों से चल रहा है और अमेरिका भर के दर्जनों अन्य विश्वविद्यालयों में भी इसी तरह के प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी, अपनी ओर से गाजा में स्थायी युद्धविराम, इज़राइल के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता को समाप्त करने और इज़राइल की घुसपैठ से लाभ कमाने वाली कंपनियों से विश्वविद्यालय विनिवेश की मांग कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क पुलिस ने चोरी और अतिक्रमण के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें कम से कम 30 छात्र, पूर्व छात्र और कोलंबिया के कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने व्यापक ध्यान आकर्षित करने वाले विरोध शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को सीमा पार हमले का नेतृत्व किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य को बंधक बना लिया था।

## शाहबाज सरकार में फिर विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो-जरदारी



इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के एक और कार्यकाल के लिए वापसी की संभावना है क्योंकि उनकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) सत्ता-साझाकरण समझौते को अंतिम रूप देने के करीब थे। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर अंदरूनी सूत्रों पर विश्वास करते तब बिलावल विदेश मंत्री के रूप में शहबाज शरीफ की कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में उनकी बातचीत के दौरान पार्टी के दिग्गजों के बीच सहमति बनी है।

उन्होंने दावा किया कि बिलावल, जो शुरू में कैबिनेट में शामिल होने के लिए तैयार नहीं थे, फिर विदेश मंत्री बनने के लिए सहमत हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पक्ष अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने के विवरण और समय पर काम कर रहे हैं। सूत्रों का हवाला देकर कहा गया कि शहबाज चाहते हैं कि पीपीपी जून के पहले सप्ताह में पेश हो रहे अगले बजट से पहले कैबिनेट में शामिल हो। हालाँकि, यह साफ नहीं है कि पीपीपी बजट से पहले कैबिनेट में शामिल होगी या बाद में। सूत्रों के मुताबिक एक बात तय है। पीपीपी जून में कैबिनेट का हिस्सा होगी।

मौजूदा विदेश मंत्री इशाक डार को बिलावल को शीर्ष राजनयिक बनने की अनुमति देने के लिए उप प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। सूत्रों ने कहा कि डार का कार्यालय पीएमओ में स्थापित हो रहा है और बिलावल के लिए विदेश कार्यालय खाली करने के बाद वह वहीं से काम करने वाले है। सूत्रों के मुताबिक, डार कभी भी विदेश मंत्री के रूप में सहज नहीं रहे, क्योंकि वह हमेशा अपने पसंदीदा वित्त मंत्रालय को देखना चाहते थे। लेकिन शहबाज़ और पीएमएल-एन के अन्य लोग उन्हें दूर रखना चाहते थे। फिर भी, वह प्रधान मंत्री को उन्हें अपना डिप्टी नियुक्त करने के लिए मनाने में कामयाब रहे।

## दक्षिण लेबनान में इजराइल ने दांगी मिसाइलें, चार नागरिकों की मौत

अल जबल, ।इजराइल-हमास युद्ध के बीच दक्षिण लेबनान के माएस अल जबल शहर में रविवार को इजराइली हवाई हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। एजेंसी ने बताया कि जब माएस अल जबल के लोग पिछले इजराइली हमले में अपनी दुकानों और घरों में हुए नुकसान का जायजा ले रहे थे तो उसी दौरान इजराइल ने फिर हवाई हमला कर दिया। इजराइली सेना ने कहा कि उसके लड़ाकू विमान ने हिजबुल्लाह के कब्जे वाले दक्षिणी लेबनानी शहर में सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है।

हिजबुल्लाह ने रविवार को दावा किया कि उसने लेबनान-इजराइल सीमा के पास इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए कम से कम 10 हमले किए, जबकि इजराइली सेना ने कहा कि उस पर लगभग 40 मिसाइले दागी गईं, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## इजराइल ने अल-जजीरा को हमास का मुखपत्र बताकर देश छोड़ने को कहा

तेलअवीव (एजेंसी)। इजराइल ने कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक 'अल जजीरा' के देश में स्थित कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने आदेश उस वक्त दिया है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। इजराइल के आदेश के तहत प्रसारण उपकरणों को जब्त किया जाएगा, चैनल की रिपोर्ट के प्रसारण को रोका जाएगा और उसकी वेबसाइट को अवरुद्ध किया जाएगा। माना जाता है कि यह पहली बार है जब इजराइल ने किसी विदेशी समाचार संस्थान के कामकाज को रोक दिया है।

'अल जजीरा' हमास के इजराइल पर हमले के बाद से लगातार युद्ध की खबरें प्रसारित करता रहा है। युद्ध में हताहतों की जमीनी रिपोर्टिंग सहित, अल जजीरा' की अरबी शाखा अक्सर हमास और क्षेत्र के अन्य आतंकवादी समूहों के वीडियो बयान जारी करती है, इसकी नेतन्याहू सरकार ने काफी आलोचना की है। नेतन्याहू ने कहा, अल जजीरा के पत्रकारों ने इजराइल की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया और सैनिकों के खिलाफ भड़काया। अब हमारे देश से हमास के मुखपत्र को बाहर करने का समय आ गया है।''

'उधर अल जजीरा' ने कहा कि वह ''अपने अधिकारों और पत्रकारों, साथ ही जनता के सूचना के अधिकार की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी संस्थाओं के माध्यम से सभी उपलब्ध कानूनी उपाय का सहारा लेगा। अल जजीरा' ने कहा, इजराइल द्वारा स्वतंत्र प्रेस का लगातार दमन, अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानून का उल्लंघन है।

# फ्रांस ने यूक्रेन में भेजी अपनी सेना, यूरोप में बड़ी जंग का खतरा!

### – इसका उद्देश्य डोनबास में रूस को रोकने में यूक्रेन की मदद करना

पेरिस (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के बीच अब फ्रांस ने ऐसा कदम उठाया है, जो यूरोप में बड़ी जंग को दावत दे सकता है। फ्रांस ने आधिकारिक तौर पर यूक्रेन में अपनी सेना भेजी है। फ्रांसीसी सैनिकों को यूक्रेन की 54वीं स्वतंत्र मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के समर्थन में तैनात किया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस ने यूक्रेन में 1500 विदेशी सैनिकों को भेजने का फैसला किया है। फिलहाल, फ्रांसीसी सैनिकों के प्रारंभिक समूह में करीब 100 सैनिकों की टुकड़ी को यूक्रेन भेजा है। ये तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब रूस ने यूक्रेन में अपना अभियान तेज कर दिया है। इन सैनिकों का उद्देश्य डोनबास में रूस को रोकने में यूक्रेन की मदद करना है। फ्रांसीसी टुकड़ी में तोपखाने के विशेषज्ञ हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फ्रांस ने जिन सैनिकों को यूक्रेन भेजा है वे तीसरी इन्फैंट्री रेजिमेंट से हैं। जो फ्रांस की मुख्य टुकड़ी है। फ्रांस की विदेशी सेना में बड़ी संख्या में यूक्रेनियन और रूसी शामिल हैं। फ्रांस की इस विदेशी सेना को कमांड फ्रांसीसी अधिकारी करते हैं, लेकिन इसमें तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी विदेशी हैं। इसमें सैनिकों को गुमनाम होने की छूट भी होती है। इसमें काम करने वाले सैनिक तीन साल की अवधि के लिए सेवा करते हैं, जिसके बाद वे फ्रांसीसी नागरिकता की मांग कर सकते हैं। अगर कोई सैनिक घायल हो जाता है तो वह बिना किसी प्रतीक्षा अवधि के फ्रांसीसी नागरिकता का हकदार होता है। विदेशी सेना में कोई भी महिला नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिछले कई महीनों से यूक्रेन में फ्रांसीसी सेना को भेजने की धमकी दे रहे थे। हालांकि, उन्हें नाटो देशों से इस बारे में समर्थन नहीं मिला है। ये भी कहा जाता है कि अमेरिका नाटो सैनिकों को यूक्रेन में भेजे जाने का विरोध करता है। इस बीच फ्रांसीसी सैनिको के यूक्रेन भेजने के बाद ये सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यूक्रेन में फ्रांस ने लाल रेखा को पार कर दिया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन लगातार ये धमकी देते रहे हैं कि अगर नाटो की सेनाएं यूक्रेन में घुसती हैं तो इसे सीधे तौर पर युद्ध माना जाएगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन परमाणु ताकत के इस्तेमाल की धमकी भी देते रहे हैं। माना जा रहा है कि विदेशी सैनिकों को भेजकर फ्रांस ने एक बचाव भी अपने पास रखा है। वह कह सकता है कि भेजे गए लोग फ्रांसीसी नागरिक नहीं हैं। इस फैसले से मैक्रां को यूक्रेन में विदेशी सेना भेजने पर अधिक घरेलू विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा और सख्त फैसले लेने वाले व्यक्ति की छवि का भी निर्माण करेगा।

# लैटिन अमेरिका में डेंगू फैला, हजारों की मौत, 60 लाख लोग प्रभावित

### – कई देशों में इमरजेंसी लागू, सेना ने संभाला मोर्चा

पेरु (एजेंसी)। लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में जनवरी से अप्रैल के बीच डेंगू के 60 लाख मामले सामने आ चुके हैं। डेंगू ने यहां तबाही मचा रखी है। माना जा रहा है कि अभी पीक सीजन आना बाकी है। आने वाले महीनों में हालत और भी खराब हो सकते हैं। ब्राज़ील ऐसा देश है, जो सबसे ज्यादा डेंगू की चपेट में है। यहां अब तक जनवरी से अप्रैल के बीच 42 लाख मामले सामने आ चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्राजील के 26 राज्यों में से ज्यादातर में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सेना ने मोर्चा संभाल लिया है और जगह-जगह फील्ड हॉस्पिटल बना रही है, ताकि मरीजों का इलाज किया जा सके। आलम यह है कि मच्छरों से बचाने वाली दवाएं, मॉस्किटो क्वाइल जैसी चीजें स्टॉक खत्म हो चुका है। ब्राजील की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक देश की 1.8 फ़ीसदी आबादी डेंगू की चपेट में है। अब तक 2000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है, जो किसी एक साल में डेंगू से मरने वालों की सबसे ज्यादा है।

लैटिन अमेरिकी देश पेरू और पुएटरोरियो भी डेंगू से जंग लड़ रहे हैं और यहां भी इमरजेंसी लागू है। पेरू में जनवरी से अब तक 1,35,000 मरीज सामने आ चुके हैं जबकि 117 की मौत हो चुकी है। अर्जेंटीना में भी डेंगू बहुत तेजी से बढ़ रहे है। मेक्सिको, उरुग्वे, चिली जैसे देश भी डेंगू की मार झेल रहे हैं। जानकारो का कहना है कि पिछले 30 सालों में लैटिन अमेरिकी क्षेत्र का तापमान हर दशक में 0.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता गया, इससे मच्छरों को प्रजनन का अनुकूल माहौल मिला और उनकी तादाद बहुत तेजी से बढ़ती गई। मच्छरों की अधिकांश प्रजातियां गर्म तापमान में पनपती हैं और ग्लोबल वार्मिंग के चलते गर्म इलाके बढ़े हैं जिसमें लैटिन अमेरिका और कैरेबियन भी शामिल हैं।

लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों में 2023 में अल नीनो की शुरुआत के साथ स्थिति और खराब हो गई। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह के पानी में असामान्य वृद्धि हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में तापमान बढ़ गया। इससे मच्छरों की आबादी और बढ़ गई। लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों में तेजी से हो रहा शहरीकरण, डेंगू फैलने का एक और कारण है।

लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में जिस तरीके से डेंगू ने कहर बरपाया है, ऐसी स्थिति में डेंगू के टीके की जरुरत पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। हालांकि, कई फैक्टर हैं जो इसकी राह में रोड़ा हैं। डेंगू, मादा मच्छरों के काटने से फैलता है और इस वायरस के कुल



चार प्रकार के होते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि कोई टीका आपको एक वायरस से बचाता है, तो अन्य प्रकार के वायरस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसी वैक्सीन विकसित करना है जो डेंगू के सभी प्रकार के स्ट्रेन के खिलाफ काम करे। वैज्ञानिकों ने ऐसे टीके बनाए हैं जो चारों प्रकार के स्ट्रेन से रक्षा करता है लेकिन ये बहुत महंगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमंत सोरेन के बाद अब उनके मंत्रियों के काले कारनामे खुलकर सामने आने लगेः ओम सिंह

**लोहरदगा।** कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के सहायक के आवास पर करीब 30 करोड़ से भी अधिक रुपये बरामद होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद अब उनके मंत्रियों के काले कारनामे खुलकर सामने आने लगे मै,जब उनके ओएसडी के स्टाफ के घर से 30 करोड़ नगद बरामद हो रहे हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंत्री जी के पास कितनी संपत्ति होगी, इससे पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कई नेताओं के घर से नगद बरामद हुए हैं इंडी गठबंधन के नेताओं को जनता से वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं रह गया है,इस बात को जनता भली भांति समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब भी देगी, ओम सिंह ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आलमगीर आलम को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

### जीटीपीएस में आयोजित नीट परीक्षा में 94% छात्र हुए शामिल

**लोहरदगाः** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल,लोहरदगा में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक एसके झा ने बताया कि लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की परीक्षा आयोजित करना इस क्षेत्र के लिए और विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कुल 163 परीक्षार्थियों को भाग लेना था जिसमें 153 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 94% की उपस्थिति को एक बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। एस के झा ने बताया कि परीक्षा का संचालन बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से हुआ और इसमें जिला प्रशासन तथा इनविजीलेटर के रूप में विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्राचार्य एस के झा को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा लोहरदगा जिले का कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया है । नीट परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न होने पर विद्यालय के अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक एवं भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के मंत्री आजातशत्रु ,शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर जाह्नवी सिंह, सहित जिला के प्रबुद्ध- जनों ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्राधीक्षक, सभी इनविजीलेटरों एवं सहकर्मियों को बधाई देते हुए लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले में नीट यूजी का परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रति आभार जताया है।

### पोस्टल बैलेट के माध्यम से पुलिस कर्मिओं ने किया मतदान

**लोहरदगाः** चुनाव आयोग घोषण तथा नियम संगत वोटिंग का आरम्भ बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में विधिवत बैलेट पेपर के माध्यम मतदान कर्मियों के निगरानी में हुई। लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तारीख आगमी 13 मई को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। लेकिन बैलेट पेपर के माध्यम से अपना अधिकार का प्रयोग करने के लिए वैसे लोगो को दिया गया जो चुनाव करवाने के दौरान अपना मतदान करने में असमर्थ होते है। जिससे वोटिंग प्रतिशत में गिरावट होता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने इस बार बैलेट पेपर के माध्यम से निर्धारित समय से पूर्व उन सभी कर्मियों को अधिकार दिया गया है। जिसका शुरूआत न्यू पुलिस लाइन प्रांगण बक्सीडीपा में किया गया। बताया जाता है कि समय से पूर्व उन सभी पुलिस अधिकारी व सुरक्षा जवानों का वोटिंग करवा कर समय से पूर्व उस लोकसभा क्षेत्र के चुनाव पदाधिकारी को सुपुर्द किया जाएगा। जिससे उनकी मत की गिनती वैसे लोकसभा क्षेत्र में गिनती हो सके। जो जिस लोकसभा क्षेत्र से विलोम करते है। इतना ही नही या अधिकार प्रखंड कर्मियों,शिक्षा कर्मियों स्वस्थ्य कर्मियों सहित सभी विभाग के कर्मियी को दिया गया है। साथ ही पत्रकार को भी इस प्रकार की सुविधा दिया गया है। जो अपने स्वेक्षा पूर्वक बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग कर अपना मतदान कर सके। चुनाव के दौरान मुख्य रूप से एलआर डीसी सुजाता कुजूर,नगर परिषद अधिकारी जयपाल सिंह,एसडीपीओ श्रद्धा केरकेटा, मेजर शेरू कुमार रंजन,सहित मदतदन कर्मी तथा सुरक्षा जवान शामिल थे।

### गठबंधन आदिवासियों को छलने का कर रही है कामः ब्रजबिहारी

**लोहरदगाः** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के दो शक्ति केंद्र सढ़ाबे के टाटी एवं हनहट के हुदू गांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी पथसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव जी को भारी मतों से विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूत करने की बात कहा, जनसभा को संबोधित करते हुए विगत दस वर्षों में भाजपा के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया गया। वहीं झारखण्ड में गठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस जेएमएम व राजद ने मिलकर झारखण्ड को खोखला कर दिया। यहां के मंत्री विधायक के पास करोड़ो रुपये आय दिन पकड़े जाते हैं। और आमजनता के लिए कोई नही करता है। आदिवासी मुख्यमंत्री का हवाला देकर हेमंत सोरेन आदिवासियों के साथ खेलवाड़ किया और आज जेल में बंद हैं। आप सभी मतदाताओं से आग्रह हैं कि ऐसे भ्रष्टाचारियों को उखाड़ कर फेंक दे। ताजा मामला निकलकर सामने आया है जिसमे मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के नौकर के घर से करोड़ो का नगदी पकड़ाया है। ये सब गरीबो का हकमारी कर रुपये जमा करना कांग्रेस का नीति है। आपसभी 13 मई दिन सोमवार को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर समीर उरांव जी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें। कार्यक्रम को उमेश कंस्कार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो पूर्व बिस्सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो हनहट मुखिया श्रवण मुंडा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय चौधरी आजसू जिला सचिव परमेश्वर महतो ने भी संबोधित किया वहीं मंच संचालन मंडल महामंत्री मनोज साहू के द्वारा किया गया। मौकें पर लाला उराव दुखन मुंडा प्रभु पांडे हरिलाल उराव भोसा उराव कर्मा उराव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एनडीए देश की प्रगति के लिए समर्पित, इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण : सुदेश

बिभा संवाददाता



**रांची/गिरिडीह :** एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद नामांकन सभा में कही। इस दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे।

सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। एक और काली कमाई का ढेर साढ़े चार साल में इनकी करतूतों को उजागर कर रहा है।

#### गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी

जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। केंद्र सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई है।

#### जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। यह जमीन, पत्थर, कोयला, बालू लूटने वाली सरकार है। राज्य समेत देश की जनता गांव, गरीबों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी।

#### गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया है : चंद्र प्रकाश

मौके पर चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल जन सैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की अगुवाई में इस कार्यकाल में कई विकास कार्यों की शुरूआत की गई है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो द्वारा किया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हुए शामिल



बिभा संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने आज नामांकन किया इससे पूर्व अपने धुर्वा स्थित आवास से निकली। जिसमें युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में करीब दर्जनों मोटरसाइकिल में युवाओं की टोली जुलूस के रूप में आगे आगे चलती रही। युवा कांग्रेस कार्यकताओं का जत्था विभिन्न मार्गो से होते हुए समाहरणालय के समीप पहुंचा। यहां यशस्विनी सहाय के नामांकन के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में मोराबादी स्थित सभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस के सचिव रविंद्र कुमार, नीतीश कुमार, सूरज शर्मा, केके वर्मा,नीरज सांगा, आर्या नायक, अभिषेक कुमार, छोटू वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित



बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में नवीन प्रांत अध्यक्ष जी का आगमन एवं उनका स्वागत किया गया। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रम सीता नवमी उत्सव हर प्रखंड में मनाने का निर्णय लिया गया। प्रशिक्षण वर्गों में सभी प्रखंडों के कार्यकत्ताओं के प्रशिक्षण की बात कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सहमंत्री सह गुमला विभाग पालक रंगनाथ महतो ने कहा कि एक कुशल कार्यकर्त्ता बनने के लिए अनेक कष्ट सहने पड़ते हैं तब जाकर एक परिपक्व कार्यकर्त्ता समाज को मिलता है। बैठक को प्रांत संगठन मंत्री श्री देवी सिंह ने भी संबोधित किया उन्होंने आगामी सीता नवमी की महत्ता बतलाते हुए उनके अनेक गुणों का विस्तार से वर्णन किया। बैठक को माननीय प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी ने भी संबोधित किया। मौके पर बैठक में संत कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी, प्रांत कार्यसमिति सदस्य - लाल ओंकारनाथ शाहदेव, विभाग संगठन मंत्री- कुलदीप सिंह, जिला संगठन मंत्री- कार्तिक विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष- श्री मनोज कुमार गुप्ता, सह मंत्री - रंजीत साहू, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख- रोहित वर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख - परशुराम गोप, बजरंग दल जिला संयोजक - सचिन साहू, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख - उमेश सिंह, अशोक कास्यकार, जिला दुगार्वाहिनी, जिला मातृशक्ति प्रमुख - अनुराधा देवी जी, कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष जितबाहन महतो , भंडरा प्रखण्ड उपाध्यक्ष लाल भीमनाथ सहदेव , सदस्य प्रमोद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## ताला तोडकर 4 लाख की कीमत के 60 बैटरी लेकर हुए फरार

**नामकुम।** रांची-टाटा मार्ग के नामकुम में परमवीर अल्बर्ट एक्का राजकीय विद्यालय में एक वर्ष पूर्व ही जरेडा द्वारा लगे 12 लाख की कीमत के सोलर पैनल के सभी 60 बैटरी को चोरों ने खोलकर फरार हो गए। बैटरी के कीमत करीब 4 लाख बतायी गई है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य शेखर कुमार झा ने बताया कि स्कूल में शनिवार को स्कूल बंद जब वह सोमवार की सुबह पहुंच कर देखा तो ताला टुटा हुआ है, जिसके बाद स्कूल के अंदर शिक्षक सदन के कमरे का ताला टुटा हुआ था और सभी 60 बैटरी पैनल में लगे सभी नट वोल्ट को खोलकर स्कूल के चारहदीवारी को पार फरार हो गए। उन्होंने बताया इनवेटर चूकि काफी वजन होने के कारण वह नहीं ले जा सकें। स्कूल के प्राचार्य ने इस संबंध में नामकुम थाना में मामला दर्ज कराया है।

**चोरी की घटना की सूचना देने पर भड़के थानेदार**

स्कूल के प्राचार्य ने शेखर ने जब सरकारी नबंर संर्पक कर स्कूल में चोरी की घटना की सूचना देने का प्रयास किया तो और बंद होने के पत्रकार को सूचना पर आग बबूला हो गए, थानेदार ने धमकी भरे लहजे में सवाल करते हुए कहा कि स्कूल में चौकीदार या सीसीटीवी नहीं होने पर फटकार लगाई, लेकिन जब प्राचार्य ने बताया कि सरकारी स्कूल में इस तरह की कोई व्यवस्था सरकार की ओर से नहीं होती है, इस उन्होंने सीधा थाना आने की बात कहीं। ज्ञात हो कि स्कूल आर्मी सैनिक अस्पताल कैंट के समाने ही है, चोरो 60 बैटरी को चोरी करने में ऑटो सहारे ही घटना का अंजाम दिया होगा। इस तरह का घटना पीसीआर के लापरवाही के अंजाम दिया जा रहा है।

## शौम्या अग्रवाल 98.6 लाकर बनी बिशप नामकुम स्कूल टॉपर

**नामकुम।** बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम का शत प्रतिशत परिणाम रहा। शौम्या अग्रवाल ने 98.6 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनीं, वैष्णवी रवि ने 97.6 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान और नव्या रामसिसरिया, तनवी शर्मा व तृप्ति कुमारी ने 96.4 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल की प्राचार्या एन जैकब्स ने कहा कि स्कूल का परिणाम में स्कूल के शिक्षकों व अभिभावकों के महत्पूर्ण योगदान से ही स्कूल के बच्चियों का परिणाम परिणाम बेहतर रहा है।

## विश्व हिंदी परिषद ने भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने का लिया निर्णय

बिभा संवाददाता



**रांची :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के उत्थान की दिशा में समर्पित प्रयास के लिए विश्व हिन्दी परिषद और उससे जुड़े लाखों भाषा प्रेमी बेहद प्रभावित और गौरवान्वित हैं। विश्व हिंदी परिषद हमेशा उनके इन महती कार्यों में पूर्ण ताकत के साथ खड़ा है।


प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इसी हिन्दी एवं भारतीय भाषाओं को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद पद्म भूषण आचार्य श्री वाई लक्ष्मी प्रसाद जी से अनुरोध किया है कि वे आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में लोकसभा चुनाव में प्रचार प्रसार कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत किया जाये। परिषद और परिषद के सदस्य उनके साथ हमेशा खड़े हैं। विदित हो की विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वाई लक्ष्मी प्रसाद जी भारत में चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री जी को ताकत देने के लिए अमेरिका में हिन्दी भाषा को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनाने हेतु प्रयासरत है, लेकिन भारत में चुनाव को देखते हुए परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं महासचिव डॉ. बिपिन कुमार ने आन्ध्रप्रदेश में भाजपा के समर्थन में प्रचार प्रसार करने का प्रस्ताव दिया हैं। इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्म भूषण आचार्य श्री वाई लक्ष्मी प्रसाद जी आन्ध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार करने पर अपनी सहमति प्रदान की है। विदित हो की हाल ही में श्री वाई लक्ष्मी प्रसाद जी कजाकिस्तान में भी हिन्दी भाषा का मान बढ़ा चूकें हैं।

वहीं, बीते दिनों दक्षिण भारत के प्रमुख शहर विशाखापत्तनम में भी इस कड़ी में एक भव्य सम्मेलन और बैठक का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में हिंदी भाषा के प्रति दक्षिण भारत-विशाखापत्तनम के लोगों ने आदर और सम्मान प्रदर्शित किया।

विदित हो की विश्व हिंदी परिषद वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रयासरत रहती है। माननीय प्रधानमंत्री चूंकि हिंदी एवं भारतीय भाषाओ के प्रति समर्पित है, इसलिए विश्व हिन्दी परिषद ने उनके समर्थन में प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया है।

## अंकिता ने 97.4 लाकर बनी कार्मेल स्कूल टॉपर

**नामकुम।** कार्मेल स्कूल सामलोग का दसवीं का शत प्रतिशत रिज्लट रहा। स्कूल में अंकिता ने 487 अंक लाकर 97.4 प्राप्त कर स्कूल टापर रही, वहीं वहीं, कशफ नाज ने 486 अंक लाकर 97.02 दूसरे स्थान और भूमी कुमारी 481 लाकर 96.2 प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। स्कूल की प्राचार्या ने मिस एम स्टेफी स्कूल में कुल 126 शामिल हुए, वहीं प्रथम श्रेणी 108 और 18 18 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी हासिल किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्कूल का परिणाम रहा है, वह बहुत सहरानीय है, और सफल छात्राओं के लिए भविष्य में और कड़ी मेहनत करने सफलता जरूर मिलेगी।




बिहान भारत की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक संजय कुमार के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। संपादक कविता साहू *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com